दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



12 मन लकड़ियां रखी हैं उसी से मुझे जलाना ...

परिणीति शादी से पहले आर कैप में हुई स्पाट....

वर्ष : 09 | अंक : 284 | लखनऊ, 18 सितम्बर, सोमवार 2023 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

**मौसम**
अधिकतम तापमान 33.c
न्यूनतम तापमान 27.c

**बाजार**
सोना 5510/ g
चांदी 73.50/ g
सेंसेक्स 64,948.66
19,310.15

# पीएम विश्वकर्मा योजना की हुई शुरूआत

## सबको सम्मान का जीवन देना मोदी की गारंटीली : प्रधानमंत्री

एजेंसी



नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरूआत की और इसके तहत कारीगरों व शिल्पकारों को तीन लाख रुपये तक कर्ज उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा कि सबको सम्मान का जीवन देना तथा सभी को सुविधा पहुंचाना मोदी की गारंटी है। यहां नवनिर्मित इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर यशोभूमि में देशभर के कारीगरों व शिल्पकारों को प्रधानमंत्री ने विश्वकर्मा कहकर संबोधित किया और कहा कि जैसे शरीर में रीढ़ की हड्डी की भूमिका होती है वैसे ही विश्वकर्मा लोगों की समाज के जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा, उनके बगैर रोजमर्रा की जिंदगी की कल्पना भी मुश्किल है।

यह योजना उन लाखों कारीगरों और शिल्पकारों के लिए आशा की किरण है जो हाथों और औजारों से काम करते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोहार हो या दर्जी या कोई अन्य कारीगर, इनकी अहमियत कभी खत्म नहीं होने वाली है। उन्होंने कहा कि दुनिया कितनी भी आगे बढ़ जाए और प्रौद्योगिकी कहीं भी पहुंच जाए लेकिन इनकी भूमिका हमेशा बरकरार रहेगी क्योंकि फ्रिज के जमाने में भी लोग सुराही का पानी पीना पसंद करते हैं। उन्होंने कहा, इसलिए आज समय की मांग है कि इन विश्वकर्मा साथियों को पहचाना जाए और उन्हें हर तरीके से समर्थन दिया जाए। हमारी सरकार अपने विश्वकर्मा भाई-बहनों को उनका सम्मान, सामर्थ्य और समृद्धि बढ़ाने के लिए एक सहयोगी बनकर आई है। इस योजना के अंतर्गत 18 विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले कारीगरों और शिल्पकारों पर विशेष ध्यान दिया गया है।

सरकार पीएम विश्वकर्म योजना पर अभी 13,000 करोड़ रुपये खर्च करने वाली है। मोदी ने कहा, जब बैंक आपसे गारंटी नहीं मांगता है तो आपकी गारंटी मोदी देता है। बिना गारंटी मांगे तीन लाख रुपये तक का आपको कर्ज मिलेगा और यह भी सुनिश्चित किया गया है कि इस कर्ज का ब्याज बहुत ही कम रहे। उन्होंने कहा कि आज देश में एक ऐसी सरकार है जो वंचितों को वरीयता देती है और एक जिला, एक उत्पाद योजना के तहत हर जिले के विशेष उत्पादों को बढ़ावा दे रही है। मोदी ने कहा, हमारी सरकार ने ही पहली बार रेहड़ी-पटरी वालों को पीएम सम्मान निधि के साथ मदद की है। आजादी के बाद पहली बार बंजारा और घुमंतू जनजातियों की परवाह की गई है। उन्होंने कहा, जिसे कोई नहीं पूछता, गरीब का यह बेटा मोदी उसका सेवक बनकर आया है।

सबको सम्मान का जीवन देना, सभी तक सुविधा पहुंचाना यह मोदी की गारंटी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जी20 शिखर सम्मेलन में आए विश्व के नेताओं को विश्वकर्मा लोगों के हाथों से बने सामान भेंट किए गए जो कि स्थानीय सामान को बढ़ावा देने के सरकार के संकल्प को दशार्ता है। उन्होंने देशावासियों से अपील करते हुए कहा कि वोकल फॉर लोकल के प्रति समर्पण सभी का, पूरे देश का दायित्व है। उन्होंने कहा, लोकल के लिए वोकल बनना पड़ेगा और फिर लोकल को ग्लोबल करना पड़ेगा। अब अनेक त्योहार आने वाले हैं। मैं सभी देशवासियों से लोकल खरीदने का आग्रह करूंगा। प्रधानमंत्री ने इससे पहले इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर यशोभूमि के पहले चरण को राष्ट्र को समर्पित किया और दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस लाइन पर द्वारका सेक्टर 21 से सेक्टर 25 तक के विस्तार का भी उद्घाटन किया।

# सनातन पर टिप्पणी से जनता के आक्रोश का अहसास होने पर विपक्षी गठबंधन ने रैली को निरस्त किया: सिंधिया

एजेंसी

ग्वालियर। केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रविवार को कहा कि विपक्षी दलों के गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) ने भोपाल में अगले महीने होने वाली अपनी प्रस्तावित रैली को निरस्त इसलिए किया है, क्योंकि उन्हें सनातन के खिलाफ इस गठबंधन के नेताओं के दिए बयान पर जनता के आक्रोश का अहसास हो गया है। उन्होंने कहा कि जिस गठबंधन ने यह ठान लिया है कि वह महात्मा गांधी के सनातन धर्म को समाप्त करेगी, उस गठबंधन को खत्म करने का काम देश की 140 करोड़ जनता करेगी। सिंधिया रविवार को ग्वालियर में विश्वकर्मा जयंती के कार्यक्रम में हिस्सा लेने आए थे। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत की।

जब उनसे विपक्षी गठबंधन इंडिया द्वारा भोपाल में प्रस्तावित अपनी रैली को निरस्त करने पर टिप्पणी को कहा गया तो सिंधिया ने कहा, विपक्षी गठबंधन सनातन धर्म को नष्ट करना, देश भर में भ्रष्टाचार फैलाना, वंशवादी राजनीति और तुष्टिकरण करना चाहता है। लेकिन उसे अहसास हो गया कि जनता का आक्रोश उनके प्रति व्यापक है, इसलिए यह कार्यक्रम निरस्त किया। विपक्षी गठबंधन इंडिया का मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में अक्टूबर के पहले सप्ताह में एक रैली करने का कार्यक्रम था। विपक्षी गठबंधन इंडिया द्वारा कुछ टीवी एंकर का बहिष्कार करने पर सिंधिया ने कहा, प्रजातंत्र के चौथे स्तंभ के साथ ऐसा खिलवाड़ और भेदभाव करना, कांग्रेस के डीएनए में है। संविधान बार-बार नष्ट करने वाली कोई पार्टी है, तो वो कांग्रेस है। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने एक दिन पहले कहा था कि अक्टूबर में भोपाल में विपक्षी गठबंधन इंडिया की प्रस्तावित रैली रद्द कर दी गई है। वहीं, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दावा किया कि यह कदम द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नेताओं द्वारा सनातन धर्म के खिलाफ की गई टिप्पणी पर जनता के गुस्से के कारण उठाया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी के अंबेडकर नगर में युवती के साथ छेड़छाड़ के बीच मौत

#### आरोपियों ने की भागने की कोशिश, दबोचे गए

**अंबेडकर नगर,** उत्तर प्रदेश की अंबेडकर नगर में एक युवती के साथ हैरान करने वाला मामला सामने आया है। युवती का दुपट्टा खींचकर छेड़छाड़ करने के दौरान युवती हादसे का शिकार हो गई और उसकी मौत हो गई है। पुलिस ने गिरफ्त से भागने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि शनिवार को कुछ युवकों ने एक युवती का दुपट्टा उस वक्त खींचा जब वह साइकिल से स्कूल जा रही थी। युवती का दुपट्टा खींचने से वह गिर पड़ी और इस समय दूसरी गाड़ी ने व्यक्ति को कुचल दिया। इस हादसे में यूपी की मौत हो गई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने जांच पड़ताल की और तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना के बाद पुलिस रविवार को आरोपियों को कोर्ट में पेश करने से पहले मेडिकल जांच के लिए भी लेकर गई। इस दौरान आरोपियों ने भागने की कोशिश की। जानकारी के मुताबिक पुलिस और तीनों आरोपियों के बीच झड़प हो गई थी क्योंकि आरोपियों ने पुलिस से उनकी बंदूक छीनकर भागने की कोशिश की थी। युवकों द्वारा भागने की कोशिश होने के कारण पुलिस को गोली चलानी पड़ी इसी बीच तीन में से दो लोगों के पैर में गोली लगने की सूचना मिली है। भारी सुरक्षा के बीच आरोपियों का इलाज चल रहा है।

### महिला आरक्षण बिल को लेकर सुगबुगाहट हुई तेज

**नई दिल्ली,** कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने रविवार को कहा कि महिला आरक्षण विधेयक संसद की विशेष सत्र के दौरान पारित किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि कांग्रेस की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था यानी कांग्रेस कार्य समिति ने यह मांग की है। बता दे कि कांग्रेस की कूक की दो दिवसीय बैठक हैदराबाद में आयोजित की गई है। इस दौरान कूक ने प्रस्ताव दिया जिसमें 18 से 22 सितंबर तक होने वाले विशेष सत्र में महिला आरक्षण विधेयक को पारित करने का भी जिक्र किया गया है। कांग्रेस ने कहा कि संसद के विशेष सत्र में महिला आरक्षण विधेयक को पारित कराया जाए, जो पहले से ही राज्यसभा में पारित हो चुका है। बता दें कि इससे पहले कंग्रेस ने अपनी कार्य समिति की बैठक में एक प्रस्ताव पारित किया था जिसमें आह्वान किया गया था कि महिला आरक्षण विधेयक को पारित किया जाना चाहिए। इस संबंध में कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, कांग्रेस कार्य समिति ने मांग की है कि संसद के विशेष सत्र के दौरान महिला आरक्षण विधेयक को पारित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, सबसे पहले राजीव गांधी ने 1989 के मई महीने में पंचायतों और नगर पालिकाओं में महिलाओं को एक-तिहाई आरक्षण के लिए संविधान संशोधन विधेयक पेश किया था। वह विधेयक लोकसभा में पारित हो गया था, लेकिन सितंबर 1989 में राज्यसभा में पास नहीं हो सका था। रमेश के अनुसार, अप्रैल 1993 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने पंचायतों और नगर पालिकाओं में महिलाओं को एक-तिहाई आरक्षण के लिए संविधान संशोधन विधेयक को फिर से पेश किया थे।

# हवाईअड्डों व एयरलाइंस के राजस्व साझा करने से उन्हें पर्यावरण अनुकूल बनाया जा सकता है

एजेंसी

**नई दिल्ली,** भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), लखनऊ और लिवरपूल विश्वविद्यालय के एक नये अध्ययन में पाया गया है कि हवाई अड्डों और विमानन कंपनियों द्वारा राजस्व साझा करने से उन्हें पर्यावरण-अनुकूल बनने में मदद मिल सकती है और विमानन क्षेत्र के विकास को स्थायी बढ़ावा मिल सकता है। अध्ययन के अनुसार, आईआईएम लखनऊ के नेतृत्व में किया गया यह अध्ययन इस बात पर प्रकाश डालता है कि कैसे एयरलाइंस और हवाई अड्डे विभिन्न समझौतों के माध्यम से सहयोगात्मक रूप से सतत विकास हासिल कर सकते हैं। इतना ही नहीं, सरकार भी कर लगाकर एवं इस क्षेत्र को अधिक हरा-भरा बनाकर एक समग्र मार्गदर्शक के रूप में कार्य कर सकती है। यह अध्ययन यूरोपियन जर्नल ऑफ ऑपरेशनल रिसर्च एंड ट्रांसपोर्टेशन रिसर्च में प्रकाशित हुआ है। आईआईएम लखनऊ के एसोशिएट प्राध्यापक सुरेश जाखड़ ने पीटीआई-भाषा को बताया, भारत में विमानन कंपनियां ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने के लिए ईंधन दक्षता में सुधार पर काम कर रही हैं। इसमें ईंधन की दृष्टि से किफायती विमान को अपनाना, उड़ान मार्गों को उपयोगी बनाना और परिचालन प्रथाओं को लागू करना शामिल है, जो ईंधन की खपत कम करते हों, विमान के हैंगर से रनवे तक आने-जाने का समय कम करते हों और लैंडिंग अनुमतियों में देरी के दौरान अनावश्यक ईंधन खपत को कम करने के लिए प्रक्रियाओं को लागू करते हों।

# अगर महिलाओं को परेशान करने जैसा अपराध किया तो यमराज आपका इंतजार कर रहे होंगे: आदित्यनाथ

एजेंसी


**लखनऊ** , उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि अगर कोई राज्य में महिलाओं को परेशान करने जैसा अपराध करता है, तो यमराज अगले चौराहे पर उसका इंतजार कर रहे होंगे। आदित्यनाथ ने गोरखपुर जिले में 343 करोड़ रुपये की 76 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद यह टिप्पणी की। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान 35 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया और 41 परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इन परियोजनाओं में सड़कें, जल निकासी व्यवस्था, सीवेज प्रबंधन और ट्रॉमा सेंटर और संग्रहालय जैसी सार्वजनिक सुविधाएं शामिल हैं। आदित्यनाथ ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कानून सुरक्षा के लिए है और अगर किसी ने महिलाओं को परेशान करने जैसा अपराध किया है, तो यमराज अगले चौराहे पर उसका इंतजार कर रहे होंगे।



अंबेडकर नगर जिले के हसवर क्षेत्र में दो बदमाशों के दुपट्टा खींचने के कारण साइकिल से सड़क पर गिरी एक छात्रा की बगल से गुजर रही एक मोटरसाइकिल की चपेट में आने से मौत हो गयी। इस घटना के बाद मुख्यमंत्री की टिप्पणी आई है। शुक्रवार रात को हुई इस घटना के सिलसिले में पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आदित्यनाथ ने कानून और व्यवस्था के लिए एक मजबूत कानूनी प्रणाली के महत्व का उल्लेख किया। साथ ही इस बात पर जोर दिया कि किसी को भी व्यवस्था को बाधित करने के लिए कानून का दुरुपयोग करने की अनुमति नहीं दी जाए। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा किउनकी सरकार विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के सभी लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, अगर सरकार के साथ नागरिक भी अपनी जिम्मेदारी निभाएं तो विकास परियोजनाओं में बाधा डालने वाले लोग बेनकाब हो जाएंगे। सरकार विकास परियोजनाओं में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा, विकास कार्यों में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में पिछले छह वर्षों में गोरखपुर विकास और प्रगति का प्रतीक बनकर उभरा है। उन्होंने गोरखपुर की रामगढ़ताल झील की प्रशंसा की और उसे कश्मीर की झीलों से बेहतर बताया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कुछ सफाई कर्मियों के साथ-साथ आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को भी सम्मानित किया।

# मार्च के बाद लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल का विनिर्माण शुरू हो जाएगा : राजनाथ सिंह

एजेंसी



लखनऊ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल के विनिर्माण स्थल पर तेजी से काम हो रहा है और उम्मीद है कि अगले वर्ष फरवरी-मार्च के बाद यहां से मिसाइल का उत्पादन शुरू हो जाएगा। रक्षा मंत्री ने अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र लखनऊ दौरे के दूसरे दिन यहां गोमती नगर में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ब्रह्मोस मिसाइल विनिर्माण स्थल पर कार्य तेजी से चल रहा है और फरवरी-मार्च के बाद लखनऊ की धरती से मिसाइल उत्पादन का कार्य भी आरंभ हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि डीआरडीओ (रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन) प्रयोगशाला का कार्य भी जल्द पूरा होगा जिसका लाभ लखनऊ वासियों को मिलेगा। सिंह ने कहा कि लखनऊ में 11 अन्य परियोजनाएं शुरू की गई हैं। मंत्री ने कहा, हालांकि इन्हें पूरा होने में कुछ समय लगेगा, लेकिन मैं कह सकता हूं कि लोग अगले कुछ वर्षों में एक बिल्कुल अलग लखनऊ देखेंगे। इसके पहले जून के दूसरे पखवाड़े में सिंह ने यहां आत्मनिर्भर भारत पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा था कि उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारा (यूपीडीआईसी) में नट-बोल्ट से लेकर ब्रह्मोस मिसाइल तक का विनिर्माण होगा।

उन्होंने कहा था, ह्लहमने उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में रक्षा गलियारा के जरिए रक्षा विनिर्माण के लिए एक अनुकूल वातावरण तैयार किया है। यूपीडीआईसी के बारे में मुझे बताया गया है कि इस गलियारे के लिए करीब 1,700 हेक्टेयर भूमि के अधिग्रहण की योजना है, जिसमें से 95 प्रतिशत से अधिक भूमि का पहले ही अधिग्रहण किया जा चुका है ह्व भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महानगर इकाई की ओर से शनिवार को जारी एक बयान के अनुसार रक्षामंत्री ने लखनऊ दौरे के दूसरे दिन इंदिरा नगर सेक्टर 25 में खुर्रम नगर और पॉलिटेक्निक चौराहे पर बन रहे मुंशी पुलिया ओवर ब्रिज की कार्य प्रगति का निरीक्षण किया। इसके उपरांत गोमती नगर में बन रहे उच्च स्तरीय रेलवे स्टेशन के विकास कार्यों का भी उन्होंने मुआयना किया।

सिंह ने कहा, मैं कह सकता हूं कि गोमती नगर रेलवे स्टेशन पर जिस तरह से कार्य चल रहा है, मैं संतुष्ट हूं, दिसंबर तक वह पूरा हो जाएगा और जो कार्य शेष रहेगा वह चलता रहेगा। रक्षामंत्री ने दोनों फ्लाईओवर का निर्माण दिसंबर-जनवरी तक पूरा करने के निर्देश दिये।

# मुख्यमंत्री केजरीवाल को डीएमआरसी के कार्यक्रम में नहीं बुलाना ओछी मानसिकता का परिचायक: आतिशी

एजेंसी

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) की नेता आतिशी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को रविवार को एक मेट्रो लाइन के उद्घाटन कार्यक्रम में आमंत्रित नहीं किए जाने को लेकर नाराजगी जताई है। आतिशी ने कहा कि दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) के एक कार्यक्रम में दिल्ली के मुख्यमंत्री को आमंत्रित नहीं करना ओछी मानसिकता को दशार्ता है औरप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दलगत राजनीति से ऊपर उठना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को दिल्ली मेट्रो में सफर किया और दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस लाइन पर द्वारका सेक्टर-21 से सेक्टर-25 स्थित नए मेट्रो स्टेशन यशोभूमि तक के दो किलोमीटर लंबे विस्तार का उद्घाटन किया। आतिशी ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) केंद्र और दिल्ली सरकार का आधी-आधी साझीदारी वाला उपक्रम है। आतिशी ने कहा, इसका मतलब है कि आधी धनराशि दिल्ली सरकार द्वारा और आधा हिस्सा केंद्र द्वारा खर्च किया जाता है। लेकिन इस कार्यक्रम में दिल्ली के मुख्यमंत्री को बुलाना महत्वपूर्ण नहीं समझा गया।

# मराठवाड़ा जल ग्रिड परियोजना के लिए केंद्र से सहायता मिलने की उम्मीद : एकनाथ शिंदे

एजेंसी



मुंबई , महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को कहा कि उन्हें उम्मीद है कि केंद्र सरकार मराठवाड़ा में महत्वाकांक्षी जल ग्रिड परियोजना के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। साथ ही, ऐलान किया कि राज्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 73 वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में कई कल्याणकारी योजनाओं को लागू करेगा। मराठवाड़ा मुक्ति दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिंदे ने यह भी कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से इसके लिए अनुरोध भी किया है। मराठवाड़ा में आठ जिले आते हैं। इस क्षेत्र पर हैदराबाद के निजाम का शासन था। इस क्षेत्र को 17 सितंबर 1948 को निजाम के शासन से मुक्ति मिली थी। शिंदे ने कहा, हम मानसून के दौरान पानी का मार्ग गोदावरी नदी बेसिन की ओर मोड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

राज्य सरकार महत्वाकांक्षी मराठवाड़ा जल ग्रिड परियोजना के लिए 15,000 करोड़ रुपये आवंटित कर चुकी है। साथ ही, हमने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी सहायता का अनुरोध किया है। मुझे यकीन है कि हमें केंद्र सरकार से समर्थन मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने मराठवाड़ा में सड़कों और अन्य बुनियादी ढांचों के विकास के लिए करोड़ों रुपये का बजट आवंटित किया है और लोगों से कहा कि आने वाले दिनों में क्षेत्र में बदलाव देखने को मिलेगा। मराठवाड़ा मुक्ति दिवस के उपलक्ष्य में महाराष्ट्र सरकार ने शनिवार को छत्रपति संभाजीनगर (पूर्व में औरंगाबाद) में कैबिनेट की एक विशेष बैठक की।

मुख्यमंत्री ने मराठवाड़ा के विकास के लिए 45,000 करोड़ रुपये के पैकेज के साथ-साथ 14,000 करोड़ रुपये की सिंचाई परियोजनाओं के लिए संशोधित बजट को मंजूरी देने की घोषणा भी की। बाद में, शिंदे ने छत्रपति संभाजीनगर में पत्रकारों से कहा कि महाराष्ट्र प्रधानमंत्री मोदी के 73वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में कल्याणकारी योजनाओं की एक श्रृंखला के तहत नमो 11-सूत्री कार्यक्रम लागू करेगा। उन्होंने बताया कि पहले कार्यक्रम को नमो महिला सशक्तिकरण अभियान का नाम दिया गया है। इसके तहत विभिन्न सरकारी योजनाएं 73 लाख महिलाओं को कवर करेंगी।

# अनुराग ठाकुर ने एक राष्ट्र, एक चुनाव का विरोध करने पर विपक्षी दलों के नेताओं की आलोचना की

एजेंसी



**नई दिल्ली,** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने रविवार को एक राष्ट्र, एक चुनाव की अवधारणा का विरोध करने को लेकर विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया पर निशाना साधते हुए कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि गठबंधन के पास न तो कोई विचारधारा है और न ही कोई नेता है। उन्होंने विपक्षी दलों के गठबंधन को अहंकारी और अवसरवादियों का जमावड़ा बताया और आरोप लगाया कि यह सनातन धर्म को नुकसान पहुंचाने पर तुला हुआ है। ठाकुर ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा, क्या ऐसा है कि इंडिया गठबंधन नहीं चाहता कि एक राष्ट्र, एक चुनाव से देश का समय और पैसा बचे या वह चुनाव का सामना करने से डरता है?

सूचना और प्रसारण मंत्री ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर यहां भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया और दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में मरीजों के बीच फल बांटे। उन्होंने कहा कि चार बैठकों के बाद भी इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव एलायंस (इंडिया) किसी नेता को आगे करने या संयोजक नियुक्त करने में सक्षम नहीं हो सका है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, अहंकारी और अवसरवादियों का यह गठबंधन, जिसकी न तो कोई विचारधारा है और न ही राष्ट्र के लिए कोई दृष्टिकोण, सनातन धर्म को नुकसान पहुंचाने पर तुला हुआ है। ठाकुर ने आरोप लगाया कि विपक्षी गठबंधन के नेताओं ने केवल अपना चोला बदला है, लेकिन उनका आचरण और चरित्र वही है।

उन्होंने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम से तमिलनाडु में गठबंधन के नेताओं पर नजर डालने को कहा, जिसके बारे में उन्होंने आरोप लगाया कि वे संविधान का अपमान करने और उसे नष्ट करने पर आमादा हैं। ठाकुर ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा के हिमाचल प्रदेश के बारिश प्रभावित इलाकों के दौरे का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि यहां के नेताओं ने उन्हें केंद्र द्वारा राज्य को प्रदान की गई सहायता के बारे में सूचित नहीं किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा, आपदा प्रबंधन के तहत सहायता और सड़कों और मकानों के निर्माण के लिए वित्तीय मदद को लेकर केंद्र सरकार को धन्यवाद देने के बजाय, दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस आपदा के समय भी राजनीति कर रही है।

ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के गृह जिले हमीरपुर में एक महिला पर हुआ अत्याचार देवभूमि हिमाचल का अपमान है और उन्होंने राज्य में बिगड़ती कानून-व्यवस्था की स्थिति को भी रेखांकित किया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के हमीरपुर से सांसद ठाकुर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस शासित राज्यों में महिलाओं के प्रति क्रूरता के मामलों को दबाया जा रहा है। उन्होंने जातीय संघर्ष से प्रभावित मणिपुर की स्थिति पर कथित तौर पर राजनीति करने के को लेकर कांग्रेस की आलोचना की। हमीरपुर जिले के भोरंज गांव में 31 अगस्त को एक महिला के ससुराल वालों ने उसके बाल काट दिए, उसका चेहरा काला कर दिया और उसे उसी हालत में चलने के लिए मजबूर किया।

## संक्षेप

### संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ की डाल पर फंदे से लटका मिला युवक का शव

**लखनऊ।** सरोजनीनगर में रविवार सुबह एक अज्ञात युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में नीम के पेड़ से फांसी के फंदे से लटका मिला। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सरोजनीनगर थाना प्रभारी शैलेंद्र गिरी के मुताबिक रविवार सुबह करीब 6 बजे उन्हें सूचना मिली कि इलाके के ही शांति नगर में एक करीब 35 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव एयरपोर्ट बाउंड्री वॉल के किनारे नीम के पेड़ से लटका है। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने देखा तो वह रेड कलर की टी शर्ट और बेल्ट के सहारे फांसी का फंदा लगाकर पेड़ से मृत अवस्था में लटका मिला। मृतक नीले रंग की जीन्स पैण्ट पहने था। पुलिस ने आसपास के लोगों को बुलाकर उसकी पहचान करने की काफी कोशिश की, लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। बाद में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर का कहना है कि उसकी पहचान के लिए राजधानी व आसपास के थानों में उसके फोटो भेज दिए गए हैं।

### मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सरोजनीनगर के आजाद नगर निवासी मोबाइल दुकानदार इकराम खान ने रिजवान, कैफ आसिफ और तौकीर नामक युवकों के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इकराम का कहना है कि शुक्रवार रात करीब 8 बजे उसकी मोबाइल दुकान पर पहुंचे रिजवान, कैफ आसिफ व तौकीर ने मोबाइल बनवाने को लेकर उसके साथ मारपीट और गाली गलौज की। बाद में लोगों को आता देख तीनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग निकले। इस घटना में इकराम के सिर व चेहरे पर काफी चोटें आई हैं। फिलहाल सरोजनीनगर पुलिस मामले की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों का पता लग रही है।

## सिसेंडी में ठेके से देशी शराब खरीदकर पीने के बाद मजदूर की मौत

मोहनलालगंज।मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र सिसेण्डी गांव के देशी शराब ठेके से शराब खरीदने पीने के बाद मजदूर की मौत हो गयी।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक मजदूर के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा।प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तरगांव मजरा अहमदखेडा गाँव निवासी मजदूर पप्पू (23वर्ष) रविवार की शाम सिसेण्डी गांव में स्थित शराब ठेके से शराब खरीदने के बाद ठेके से कुछ दूरी पर अपने भाई गोपीनाथ के साथ बैठकर शराब पीने के बाद अचानक से मजदूर की तबीयत बिगड़ी ओर मौके पर ही उसकी मौत हो गयी।सूचना के बाद इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य, अतिरिक्?त इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार गौतम समेत पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल के बाद मृतक मजदूर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा। इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य ने बताया प्रथम द्दष्टया जांच में पता चला है मृतक अत्यधिक शराब पीने का आदी थी,जिसकी वजह से मौत हुयी है,पीएम रिपोट में मौत का कारण स्पष्ट होने के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी।

# डॉ. राजेश्वर सिंह ने दी पीएम मोदी को जन्मदिन की बधाई, कहा- आपके ओजस्वी नेतृत्व व मार्गदर्शन में भाजपा का सदस्य होना मेरा परम सौभाग्य

### पीएम मोदी के जन्मदिन पर डॉ. राजेश्वर सिंह ने किया भव्य कार्यक्रम का आयोजन, 22 लाभार्थियों को मिली पीएम आवास की सौगात

अमन लेखनी समाचार/रेहान खान

लखनऊ। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन रविवार को पूरे देश में धूमधाम से मनाया गया। डॉ. राजेश्वर सिंह ने पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सरोजनीनगर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया और उन्हें अपनी शुभकामनाएं दीं, साथ ही उनके उत्तम स्वस्थ्य एवं दीघार्यु जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि आपके ओजस्वी नेतृत्व व मार्गदर्शन में भाजपा का सदस्य होना मेरा परम सौभाग्य है।डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा सरोजनीनगर के ग्राम भदोई के प्राथमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बीजेपी कार्यकताओं समेत ग्रामीणों ने केक काटकर धूमधाम से पीएम का जन्मदिन मनाया और पीएम मोदी के स्वस्थ और सुदीर्घ जीवन की कामना की।कार्यक्रम में डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा विभिन्न




योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया गया। पीएम आवास योजना के माध्यम से गांव के 22 लाभार्थियों को आवास की सौगात दी गई। कार्यक्रम में महिलाओं को साड़ी व पुरुषों को पटका व श्रीमद्भगवद्गीता भेंटस्वरूप प्रदान किया गया।

पीएम मोदी के जन्मदिन पर आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में ग्राम भदोई में स्थित आयुर्वेदिक अस्पताल के विद्युतीकरण के लिए विधायक निधि से 1.79 लाख की राशि प्रदान की गई। साथ ही कार्यक्रम में ईटगांव प्राथमिक विद्यालय से नगवा पुलिया- ग्राम भदोई के मध्य होते हुए मवई पडियाना तक जाने वाले मार्ग तथा राजकीय हाईस्कूल मवई पडियाना से ग्राम भदोई संपर्क मार्ग का निर्माण कार्य को जल्द कराने का आश्वासन भी दिया गया।कार्यक्रम में इंटरमीडिएट की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चार मेधावियों पलक मौर्या, पलक कश्यप, तरुण मौर्य व विकास कुमार को साइकिल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए गांव में यूथ क्लब का गठन कर वालीबॉल किट वितरित की गई।

कार्यक्रम में डॉ राजेश्वर सिंह की माता तारा सिंह की प्रेरणा से आरंभ हुए 'तारा शक्ति निःशुल्क रसोई' के माध्यम से भदोही के ग्रामीणों को ताजा व स्वादिष्ट भोजन भी उपलब्ध कराया गया। इसके उपरांत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. बृजपाल सिंह की पत्नी 102 वर्षीय वयोवृद्धा धिरजा देवी को श्रीमद्भगवद्गीता एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में भाजपा नेता शिव शंकर सिंह, मंडल अध्यक्ष शिव बक्श सिंह, भदोई ग्राम प्रधान कामेंद्र मौर्या, बेहटा प्रधान खुशी रामपाल, बरकताबाद पूर्व प्रधान सांवले सिंह, बेहटा पूर्व प्रधान पुनीत कुमार, पूर्व बीडीसी रामनरेश रावत, भाजपा युवा मोर्चा राहुल मिश्रा, विनय दीक्षित समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## बाइक की टक्कर से घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

लखनऊ।निगोहां के नगराम मोड़ पर दो दिन पूर्व बाइक की टक्कर से घायल महिला का ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।वहीं मौत की सूचना पाकर घर में कोहराम मच गया।निगोहां उदयपुर गांव निवासी महादेव ने बताया को उनकी पत्नी उषा देवी (55) शुक्रवार शाम निगोहा कस्बा कुछ सामान लेने गई हुई थी, जहां से वहां वह वापस घर पैदल लौट आ रही थी।तभी नगराम मोड़ के पास तेज रफ्तार बिना न0 प्लेट लगी एक बाइक सवार युवक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिसमें उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पाकर पहुंची निगोहां पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सीएचसी भेजा जहां उसकी हालत नाजुक देख उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। जहाँ रविवार शाम इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।वहीं मौत की सूचना पाकर घर में कोहराम मच गया।म्रतक के तीन बेटे अजय, विजय, विकास व दो बेटियां सोनम व गुंजन है।

## सिसेंडी गांव पहुंचकर एसडीएम ने जाना बुखार पीड़ितों का हाल,35मरीजो की हुयी जांच

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज।मोहनलालगंज के सिसेण्डी गाँव मे तेज बुखार ने बीते 15दिनो से सैकड़ो लोगो को अपनी चपेट में ले रखा है,बुखार इतना तेज है कि चपेट में आये लोगो के प्लेटलेंस भी तेजी से गिर रहे,जिसके चलते मरीज निजी अस्पतालो में अपना इलाज कराने को मजबूर है,कुछ मरीजो ने प्राइवेट पैथालांजी में जांच करायी तो डेंगू की पुष्टि होने की बात सामने आयी,जिसके चलते अन्य बुखार की चपेट में आये लोग डरे हुये है,रविवार को समाचार पत्रो में डेंगू जैसे लक्षणो के बाद तेज बुखार की चपेट में सैकड़ो लोगो के आने की खबर समाचार पत्रो में छपी तो स्वास्थ महकमें में हड़कम्प मच गया, जिसके बाद उपजिलाधिकारी हनुमान प्रसाद मौर्य ने सीएचसी अधीक्षक डा०अशोक कुमार समेत डाक्टरो व स्वास्थकर्मियो की टीम के साथ गांव का दौरा कर बुखार की चपेट में आये लोगो के घरो में पहुंचकर उनका हाल जा?ना व



अपने सामने जांच कराकर दवाओ का वितरण कराकर पूरे गांव में एंटीलार्वा व ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराया।हालाकि इस दौरान बुखार पीड़ितो का डेंगू व मलेरिया का रेपिड टेस्ट भी किया गया,जिसकी रिपोट निगेटिव आयी।एसडीएम हनुमान प्रसाद मौर्य ने बताया सोमवार को बुखार पीड़ितो की जांच के लिये गांव के मिनी सचिवालय में वृहद कैम्प लगाया जायेगा,जिसमें सीएचसी अधीक्षक समेत डाक्टरो की टीम मौजूद रहकर बुखार पीड़ित मरीजो की जांच कर दवायें वितरित करेगी। सीएचसी अधीक्षक डा०अशोक कुमार ने बताया रविवार को डोर टू डोर जाकर 35बुखार पीड़ित मरीजो की जांच कर उन्हे दवायें वितरित की गयी,सभी मरीजो के डेंगू व मलेरिया के रैपिड टेस्ट की रिपोट निगेटिव आयी हैं।

## निगोहां में गौवशों में लंपी बीमारी का दहशत

निगोहाॅ,लखनऊ।इन दिनों निगोहां क्षेत्र के कई गावो में लंपी बीमारी के लक्षण से कई गाये ग्रषित है। जिसके चलते गौपालकों में दहशत का माहौल है।इसी क्रम में निगोहां के पटसा गांव में दो गायों की मौत हो गई। वहीं पशु चिकित्साधिकारी भी अपनी टीम के साथ कई गांवों में जाकर टीकाकरण के साथ ही ग्रामीणों को जागरूक किया।निगोहां के पटसा गांव के शिवशंकर यादव की एक गाय और रामपाल यादव की एक लंपी बीमारी जैसे लक्षण होने से गाय की मौत हो गई। इसके अलावा पटसा गांव के राजू पाल, मंजू पाल, संतोष शुक्ला की गायों में लंपी जैसी बीमारी के लक्षण दिखाई दिए। वहीं रविवार को निगोहां पशु चिकित्साधिकारी डॉ कृष्ण चौहान अपनी टीम के साथ निगोहां, बेनीगंज समेत कई गांवों में पहुंचकर गायों के टीकाकरण के साथ ग्रामीणों को जागरूक किया।पशु चिकित्साधिकारी डॉ कृष्ण चौहान ने बताया कि लगातार उनकी टीम द्वारा टीकाकरण किया जा रहा है साथ ग्रामीणों को इधर -उधर झोलाछाप डॉक्टरों से दवाई या इंजेक्शन न लगवाये जाने की सलाह देने के साथ बीमार गायों को अन्य मवेशियों से अलग रखने के निर्देश दिए गए।

## सड़क हादसे में अज्ञात डाले की टक्कर से भाई की मौत, चचेरा भाई घायल

हादसा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रविवार को बहन को ससुराल में छोड़कर वापस बाइक से घर लौट रहे युवक को बेकाबू अज्ञात डाले ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें सवार दोनों भाई छिटक कर दूर जा गिरे, राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायलों को आनन-फानन मे सीएचसी पहुंचाया जहां डाक्टरों ने संजय को मृत घोषित कर दिया। वहीं पीछे बैठे चचेरे भाई का उपचार चल रहा है।

पुलिस ने पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

डाला मौके से टक्कर मार कर हुआ फरार।

हरदोई जनपद अतरौली थाना क्षेत्र के ग्राम नया खेड़ा मजरा बहुती कला निवासी संजय कुमार (25) रविवार शाम करीब साढ़े पांच बजे स्प्लेंडर बाइक से अपनी बहन पूजा को उसकी ससुराल माल के मसीढ़ा रतन गावं से



मृतक संजय फाइल – फोटो

छोड़कर वापस अपने घर लौट रहा था। तभी रहीमाबाद थाना क्षेत्र के गहदो के निकट करेन्द्र मोड पर अनियंत्रित बेकाबू अज्ञात डाले ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें सवार दोनों चचेरे भाई छिटक कर दूर जा गिरे राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल भाइयों को माल समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां संजय को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं पीछे बैठे चचेरे भाई संदीप का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

आज्ञात डाला मौके से टक्कर मार कर हुआ फरार।

मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में मचा कोहराम।

मृतक के पिता संतोष कुमार उर्फ संतराम के अनुसार

मृतक संजय ढिकुन्नी गांव में हार्डवेयर की एक दुकान चलाता था। उसी से अपना और अपने परिवार का खर्च चलता था। वह पूरे परिवार में कोई भी काम पूरी लगन व मेहनत के साथ करता था। परिवार का पूरा भार उठाता था। जिसको भगवान ने हमसे छीन लिया। मृतक संजय के परिवार में पिता संतोष कुमार उर्फ संतराम, मां शांति, पत्नी प्रीती है जिसकी एक वर्ष पूर्व शादी हुई थी, जिनका रो रो कर बुरा हाल है। मृतक के पिता ने रहीमाबाद थाने पर अज्ञात डाले के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

## प्रधानमंत्री का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।देश के यशस्वी प्रधान मन्त्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर अर्जुन गंज मण्डल सरोजनीनगर मण्डल में भारतीय जानता पार्टी के सभी पदा अधिकारी कार्यकताओं ने हवन पूजन करके धूम धाम से मनाया इस अवसर पर उत्तर प्रदेश भारतीय जानता पार्टी के प्रदेश संगठन मन्त्री धर्म पाल सिंह मुख्य अतिथि एवं लखनऊ जिला अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह विशिष्ट अतिथि के साथ में किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह लखनऊ जिला के पूर्व जिला अध्यक्ष रामनिवास,मनोज कुमार



सिंह चौहान लखनऊ जिला संयोजक सैनिक प्रकोष्ठ, अमित तिवारी पूर्व जिला उपाध्यक्ष भारतीय जानता पार्टी के वरिष्ठ नेता सुरेश सिंह अर्जुन गंज मण्डल अध्यक्ष राज कुमार रोहित अर्जुन गंज मण्डल प्रभारी शम्भूनाथ पांडेय सरोजनीनगर मण्डल महामन्त्री अनुज पाल सरोजनीनगर मण्डल उपाध्यक्ष बिन्दादीन सिंह जितेन्द्र कुमार (संजय लोधी)जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा लखनऊ राजेश वर्मा महामन्त्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा लखनऊ मुकेश गुप्ता उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आलोक महाजन उपाध्यक्ष दिनेश कश्यप उपाध्यक्ष सुभाष पासी जिला मन्त्री आशु शुक्ला जिला मंत्री रेनु सिंह हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अल्पसंख्यक लाभार्थियों ने देश के प्रधानमंत्री की लंबी आयु के लिए हनुमान जी से प्रार्थना की

अमन लेखनी समाचार

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस को भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा बड़े हर्ष और उल्लास से मनाया गया । प्रदेश मीडिया प्रभारी चेतना पांडेय जी द्वारा लेटे हुए हनुमान मंदिर लखनऊ में हनुमान चालीसा पाठ, हवन व भंडारे का आयोजन किया गया ,जिसमें प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा व सांसद राज्यसभा गीता शाक्य ने अल्पसंख्यक लाभार्थी बहनों के साथ ईश्वर से प्रधानमंत्री की दीघार्यु के लिए प्रार्थना की, मीडिया बंधुओं को संबोधित करते हुए गीता शाक्य जी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सदैव सबका साथ व सबका विकास की नीति पर काम किया है, सरकार की नीतियों में कभी किसी भी व्यक्ति से किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया गया केंद्र



वा राज्य सरकार की योजनाओं का सभी जातिवाद ,धर्म के लोगों को परस्पर लाभ मिला है ,इसलिए सभी समुदाय के लोगों का स्नेह प्रधानमंत्री जी की नीतियों पर रहता है। यही कारण है कि वह जन प्रिय व लोकप्रिय नेता है ।सैनिक प्रकोष्ठ से राखी अग्रवाल जी, एनजीओ प्रकोष्ठ के संयोजक अरुण प्रताप सिंह जी ,चेतना फाउंडेशन के सचिव आशुतोष शुक्ला जी, मनोज त्रिवेदी जी ,आशीष अवस्थी जी व पुनीत पांडेय जी के द्वारा इस कार्यक्रम को सुनियोजित किया गया । पश्चिम विधानसभा के बालागंज क्षेत्र में मंडल अध्यक्ष पुष्पा सिंह जी के द्वारा भी प्रधानमंत्री जी की लंबी आयु की कामना के लिए मंगल गीत गाकर बहनों ने ईश्वर से देश का मस्तक विश्व पटल पर ऊंचा करने वाले जन नेता के दीघार्यु होने की मंगल कामना की, इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष कल्पना तिवारी जी ,पूजा मिश्रा जी ,सुचित्रा पाठक कक्कड़ जी ,रमां सिंह जी , वा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता बहने उपस्थित रहीं।

## सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र में हिंदी पखवाड़ा के तत्वाधान में विराट हिंदी कवि सम्मेलन का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सरोजनीनगर के बिजनौर स्थित सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र में हिंदी पखवाड़ा के तत्वाधान में शनिवार देर शाम विराट हिंदी कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। ग्रुप केंद्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक एसपी सिंह की देखरेख में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीआरपीएफ मध्य क्षेत्र लखनऊ के पुलिस महानिदेशक सतपाल रावत रहे। 14 सितंबर से 29 सितंबर तक चलने वाले इस हिंदी पखवाड़े के तहत हिंदी का प्रचार और प्रसार कर हिंदी कार्यालयी कार्य व बोलचाल को हिंदी राजभाषा के निर्धारित लक्ष्य हासिल करने के उद्देश्य से यह कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। इस कवि सम्मेलन में प्रदेश स्तर के कवि, कवियित्री, हास्य कवि और गीतकारों ने हिस्सा लिया। कवि सम्मेलन में आईएएस डॉ. अखिलेश



मिश्रा, राजेश कुमार, डा. सरला शर्मा, डॉ. शोभा त्रिपाठी, रवीश पांडेय कात्यानी सिंह, चंद्रशेखर वर्मा और जितेंद्र मिश्रा भास्वर आदि कवियों ने अपने काव्य, व्यंग्यों और हास्य पाठ से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कवि सम्मेलन में उप निरीक्षक केके पांडेय और हवलदार कृष्ण मुरारी ने अपनी कविता पाठ व हास्य व्यंग से सभी का खूब मनमोहा। डीआईजीपी शशि प्रकाश सिंह के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम की सभी लोगों ने काफी प्रशंसा की। कार्यक्रम में सीआरपीएफ के पुलिस महानिरीक्षक सतपाल रावत ने मौजूद लोगों को हिंदी के प्रेम, अपनी राजभाषा के हित में कार्य करने, एक राष्ट्र श्रेष्ठ राष्ट्र के कर्तव्य पथ पर चलकर देश को विकसित राष्ट्र बनाने में सहयोग प्रदान करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि हिंदी ही राष्ट्र को एक सूत्र धागा में बांधकर राष्ट्र को विकसित होने में सहयोग कर सकती है। इसलिए अधिक से अधिक हिंदी भाषा का प्रयोग करें। बाद में कार्यक्रम का समापन महिला बटालियन - 233 की कमांडेंट करुणा राय ने किया।

## अब जन्म प्रमाण पत्र के लिए नहीं करना पड़ेगा आवेदन, एप के जरिए मिल जाएगा डिजिटल प्रमाण पत्र

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** प्रदेश के अस्पतालों में जन्म लेने वाले बच्चों को 'मां नवजात ट्रैकिंग सिस्टम एप' (मंत्रा) के जरिए तत्काल जन्म प्रमाण पत्र मिल जाएगा। इसके लिए एप को सिविल रजिस्ट्रेशन सिस्टम (सीआरएस) पोर्टल से जोड़ा जा रहा है। प्रदेश के करीब एक हजार अस्पतालों में यह प्रयोग शुरू किया गया है। जल्द ही इसे सभी अस्पतालों में लागू करने की तैयारी है। प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में जन्म लेने वाले बच्चों का संबंधित अस्पताल से ही जन्म प्रमाण पत्र बनाया जाता है। इसके लिए अस्पताल अधीक्षक के हस्ताक्षर युक्त प्रमाण पत्र जारी किए जाते हैं। अब इसे डिजिटलाइज्ड करते हुए सीआरएस पोर्टल से भी जोड़ा जा रहा है। ऐसे में संबंधित बच्चों को तत्काल प्रमाण पत्र बन जाएगा।

प्रमाण पत्र पर डिजिटल हस्ताक्षर होंगे। उसका सीआरएस पोर्टल पर भी तत्काल अपडेट हो जायेगा। स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि मंत्रा एप पहले से कार्यरत है। इसे अपग्रेड किया जा रहा है। मां नवजात ट्रैकिंग एप के जरिए अभी आशा कार्यकत्री घर-घर जाकर परिवार कल्याण संबंधी डाटा अपडेट करती हैं।

### मंत्रा एप को मिल चुका है अवार्ड

प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग की ओर से विकसित मंत्रा एप को केंद्र सरकार की ओर से ई-गर्वनेंस स्कीम के तहत सिल्वर अवार्ड मिल चुका है। यह पुरस्कार केंद्र सरकार की गर्वनमेंट प्रोसेस री-इंजीनियरिंग फॉर डिजीटल ट्रांसफॉर्मेशन योजना के अंतर्गत कैटेगरी-1 में मिला है। मंत्रा एप के माध्यम से किस केंद्र पर कितना प्रसव हुआ और प्रसव संबंधी सुविधाओं की सभी जानकारी आसानी से मिल जाती है। इसके माध्यम से नवजात शिशु के जन्म, टीकाकरण व डिलेवरी से सम्बंधित अन्य जानकारियों को फीड करना भी संबंधितों को सिखाया गया था। इससे गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी आंकड़े डिजिटल हो गए हैं। गर्भवती महिला को एडमिट करते समय स्टाफ नर्स की ओर से एडमिशन का समय, उसके स्वास्थ्य की स्थिति और दिए जा रहे उपचार को फीड किया जाता है। इससे मां और शिशु को ट्रैक करना आसान हो गया है।

## धैर्य मीडिया एसोसिएशन संगठन का दिन प्रतिदिन हो रहा विस्तार

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** लखनऊ के बक्शी का तालाब क्षेत्र अंतर्गत भरसर बाजार में धैर्य मीडिया एसोसिएशन संगठन के जिलाध्यक्ष गणेश यादव की अध्यक्षता में संगठन के बैनर तले कार्यक्रम का आयोजन किया गया,कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक सिंह तोमर रहें।

राजधानी लखनऊ के बक्शी का तालाब क्षेत्र भरसर बाजार में धैर्य मीडिया एसोसिएशन संगठन के जिलाध्यक्ष के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया,कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए धैर्य मीडिया एसोसिएशन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक सिंह तोमर,मुख्य अतिथि सहित अन्य पदाधिकारीयों का जिलाध्यक्ष ने बुके व माल पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में लोगों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की,सभी सदस्यों को नियुक्ति पत्र देकर व माला पहनाकर संगठन में शामिल किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक सिंह तोमर ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ हैं, जो सामाजिक कुरीतियों को उजागर करने व इसके उत्थान में अहम भूमिका निभाते हैं। समय समय पर पत्रकारों के बीच चर्चा होनी चाहिए।इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ताहिर अहमद अंसारी ने संबोधित करते हुए कहा कि मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है। पत्रकार समाज का दर्पण होते हैं, विपरीत परिस्थितियों में भी सच्चाई को सामने लाते हैं। ग्रामीण अंचल में पत्रकारिता बड़ी चुनौती है। सीमित संसाधनों के सहारे ग्रामीण इलाकों के पत्रकार दायित्वों का निर्वहन करते हैं।इसी क्रम में कार्यकर्म को संबोधित करते हुए संगठन के मंडल अध्यक्ष प्रशांत अवस्थी ने कहा कि करोड़ों की आबादी होने के कारण देश में कई समस्याएं हैं, जो कुंडली मार कर बैठी हुई हैं। इन सबसे निपटने के लिए सरकार प्रयास कर रही है। हम एक लोकतांत्रिक देश में रह रहे हैं, जहां हम अपनी पसंद की सरकार चुनते हैं।सरकार कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका की मदद से जनता के बीच में काम करती है।इन्हें देश का आधारभूत खंभा भी कहते हैं।हालांकि, समाज में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है। वह जनता और सरकार के बीच एक पुलिया का काम करती है। इस कारण मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ भी कहा जाता है।मगर मौजूदा हालात में पत्रकारिता का काम जोखिम भरा हो गया है।साथ ही यह भी कहा कि धैर्य मीडिया एसोसिएशन संगठन एक ऐसा संगठन है,जो पत्रकारों की आवाज को मजबूत करने के साथ साथ उनके हक की लड़ाई लड़ता है। प्रशांत अवस्थी ने कहा पत्रकारों को एकजुट होकर एकता के साथ अपनी आवाज को बुलंद करना होगा। धैर्य मीडिया एसोसिएशन संगठन पत्रकारों का उत्पीड़न किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगा।इस मौके संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## संक्षेप

### महिला ने दो युवकों पर लगाया छेड़छाड़ करने का आरोप

सफीपुर, उन्नाव। परियर चौकी क्षेत्र अन्तर्गत निवासी एक महिला ने दो युवकों पर घर में घुस कर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस जॉच में जुटी। बता दें कि परियर चौकी क्षेत्र कि निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका पति मुंबई में मजदूरी करता। बीते शनिवार रात को पंकज पुत्र बाबूलाल निवासी परियर व उसका बहनोई का भाई दीपू निवासी रूरी सादिकपुर थाना बेहटामुजावर घर में घुस गए और पीड़िता को पकड़ कर छेड़छाड़ करने लगे। पीड़िता के चिल्लाने की आवाज सुन पड़ोसी व उसके सास, देवर आ गए तो उक्त दोनों आरोपियों ने जान माल की धमकी देते हुए देवर से हांथा पाई करके चले गए।वही चौकी प्रभारी अखिलेश यादव ने बताया कि दूसरे पक्ष ने मार पीट की तहरीर दी है। वहीं महिला के आरोपों की जॉच की जा रही हैं आवश्यक कार्यवाही की जाएंगी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला किशोरी का शव

उन्नाव। बारा सगवर थाना क्षेत्र के गंगानगर गांव में शनिवार शाम संदिग्ध हालत में किशोरी का फंदे से शव लटका मिला। ग्राम प्रधान की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बारा सगवर थाना क्षेत्र के गंगानगर गांव के रहने वाले रूपशंकर की पत्नी संजू खेत से शाम घर पहुंची। जहां पंद्रह वर्षीय बेटी खुशी का घर के कमरे में पंखे पर धोती के फंदे लटकता देख सन्न रह गई। घटना के समय सौतेली मां संजू देवी खेतों पर गई थी। चाचा महेश धानीखेड़ा बाजार गए हुए थे। घर में केवल वृद्ध दादी गोमती मौजूद थी। चीखने की आवाज सुनकर पड़ोसी इकट्ठा हो गए। खुशी की सौतेली मां संजू रो-रोकर गांव के ही एक व्यक्ति पर बेटी से प्रेम संबंध के चलते मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाया जा रहा है। पिता रूपशंकर मुंबई में रहकर प्राइवेट नौकरी करता हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि मां ने तहरीर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### घर के बाहर खड़ी बाइक चोरों ने कर दी पार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। नगर पंचायत ऊगू मोहल्ला खेतू निवासी राम जी दीक्षित पुत्र चन्द्रशेखर ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह नगर पंचायत कार्यालय में प्राइवेट कर्मचारी है रोज की तरह वह अपनी मोटरसाइकिल बजाज सिटी 100 जिसका नंबर यूपी 35 एके 9877 से दोपहर लगभग 11:30 बजे खाना खाने आया था बाइक बाहर खड़ी कर वह घर खाना खाने चला गया थोड़ी देर बाद जब वह खाना खाकर कार्यालय जाने के लिए बाहर आया तो गाड़ी नदारद देख दंग रह गया इधर उधर जानकारी करने पर उसकी गाड़ी का कोई पता नही चल सका। चौकी प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है मामले की छानबीन की जा रही है।

# प्रधानमंत्री के जन्म दिन पर जल शक्ति मंत्री ने मंदिर में की पूजा अर्चना

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर उन्हें बधाई देते हुए कहा विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता का आज जन्मदिन है वह सबका साथ सबका विकास के मंत्र पर सबके लिए लगातार कार्य करते हैं उनके नेतृत्व में विश्व में भारत शिखर पर पंहुच रहा है ऐसे युगपुरुष को जन्मदिन की शुभकामनाएं और उनके दीघार्यु होने की कामना करते हैं।भाजपा कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा उनके नेतृत्व में एयर स्ट्राइक सर्जिकल स्ट्राइक 45 नर्सों का एयर लिफ्ट रूस यूक्रेन युद्ध में फंसे 23 हजार स्टूडेंट को लाने का कार्य अफगानिस्तान से 550 लोगों को लाने का कार्य करके देश का सम्मान बढ़ाने का कार्य उन्होंने किया है तथा देश के महत्वपूर्ण मुद्दों धारा 370, तीन तलाक राम मंदिर निर्माण बहुत शांतिपूर्ण ढंग से हल हुए वह सबको लेकर एक एक कदम आगे बढ़ रहे हैं।

आज उनके जन्मदिन से आयुष्मान भव अभियान के तहत सेवा पखवाड़ा शुरू होगा। इसमें स्वच्छ भारत अभियान, रक्तदान महादान, अंगदान शपथ समेत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। विभिन्न चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाएंगे। इनमें पार्टी के कार्यकर्ता सहयोग करेंगे आज सभी सीएचसी रविवार को खुलेंगी और मरीजों को उपचार मिलेगा। विशेषज्ञ चिकित्सक भी अस्पताल में परामर्श देंगे18 सितम्बर को युवा मोर्चा के नेतृत्व में रक्तदान शिविर का अयोजन हो रहा है। रक्तदान के विषय में बोलते हुए यह बताना है कि रक्तदान क्यों आवश्यक है सभी युवाओं से अनुरोध है कि अपने नजदीकी रक्तदान शिविर में जाकर रक्तदान कर पुण्य के भागी बने। निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण 23 सितम्बर 2023 (शनिवार) को जिलास्तर के वेलनेस सेंटर पर और 24 सितम्बर 2023 को प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र (स) एवं सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र (सीएचसी) निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर मेलों का आयोजन किया जाएगा भारतीय जनता पार्टी के सभी पदाधिकारी मदद के लिए वहां उपस्थित रहेंगे एवं सभी जनप्रतिनिधि यहां रहेंगे। 23-24 सितम्बर को लगने वाले निशुल्क स्वास्थ्य परिक्षण के बारे में अपने क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाएंगे और सभी नागरिक बन्धुओं एवं भगिनी को स्वास्थ्य परीक्षण केन्द्र तक पहुँचाने में मदद करेंगे।आयुष्मान कार्ड वितरण 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2023 तक योजना प्रत्येक ग्रामसभा तक चलायी जायेगी जिसमें बने हुए आयुष्मान कार्ड का वितरण होगा और नये सफेद राशन कार्ड सहित सभी नये लाभार्थियों के कार्ड बनाये जायेंगे भारतीय जनता पार्टी जनप्रतिनिधि /कार्यकर्ता इस कार्य में जनता और अधिकारियों का सहयोग करेंगे।भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अपने जन्मदिन के मौके पर देश को एक बड़ी सौगात दी, जिसका सीधा लाभ जरूरतमंद और गरीब वर्ग के लोगों को मिलेगा।पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना को लॉन्च किया इसी के वर्चुअल उद्बोधन को जलशक्ति मंत्री ने काष्ठकार, लोहार, राजगीर , चर्मकार आदि शिपकारों व सभी के साथ भाजपा कार्यालय पर सुना।प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत 18 विभिन्न ट्रेड में लोगों के कौशल को निखारने के लिए मास्टर ट्रेनरों के माध्यम से ट्रेनिंग दी जाएगी. इसके अलावा दो चरणों में लाभार्थियों को 3 लाख रुपये तक का लोन रियायती दरों पर दिया जाएगा.प्रधानमंत्री के उद्बोधन कार्यक्रम से पूर्व जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार सांसद साक्षी महाराज विधायक पंकज गुप्ता बम्बा लाल दिवाकर अनिल सिंह भाजपा कार्यकताओं पदाधिकारियों व लाभार्थियों के साथ गोकुल बाबा मंदिर मगरवारा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर उनकी दीघार्यु और स्वस्थ रहने की कामना को लेकर हवन पूजन किया तथा लाभार्थियों को संबोधित किया।भाजपा कार्यालय पर पहुंचकर पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में जागरूकता हेतु आयोजित मोटरसाइकिल रैली को मंत्री द्वारा सभी के साथ रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया।कार्यक्रम का संचालन इस अभियान के जिला संयोजक जिला महामंत्री प्रवीण सिंह नूतन ने किया तथा यह कार्यक्रम पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष संयोजक व सह संयोजक कृष्ण कुमार वर्मा के संयोजन में किया गया।

# 73 साल के हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केक काट कर मनाया जन्मदिन



अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 73वे जन्मदिन पर रहमान चैरिटेबल हॉस्पिटल स्टॉफ ने केक काटकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया इस मौके पर हॉस्पिटल संस्थापक ने कहा कि विश्व स्तर पर भारत का मस्तक प्रधान मंत्री ने ऊंचा किया उन्होने प्रधान मंत्री के दीर्घ आयु होने की कामना की और लोगों का मुंह मीठा कराया राहगीरों को लड्डू बाटे।इस मौके पर डॉक्टर एस फातिमा, डॉक्टर अशीष, महेश कुमार, संतोष, अमन अंसारी, प्रतिभा, वसीम खान शारदा कुशवाहा, संदीप, दिलदार अजीत, सहित हॉस्पिटल के संस्थापक सहित पूरे स्टाफ ने प्रधान मंत्री के दीर्घ आयु होने की कामना की।

# आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओ ने की बैठक



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। नगर पंचायत कार्यालय के समीप रविवार को आम आदमी पार्टी के संगठन एवं कार्यकर्ताओ की बैठक आयोजित की गई । जिसमें प्रदेश सचिव , जिलाध्यक्ष के साथ जिला कार्यकारिणी के कार्यकर्ता मौजूद रहे। फतेहपुर चौरासी में आप के ब्लॉक अध्यक्ष अखिलेश शुक्ला की अध्यक्षता में आम आदमी पार्टी के संगठन निर्माण एवं कार्यकर्ता बैठक आयोजित की गई । बैठक में मुख्य अतिथि प्रांत सचिव जिला प्रभारी रश्मि पांडे ने कार्यकताओं को पार्टी की नीतियों रीतियों से अवगत कराया। बैठक में आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष अकमल जुनैद ,जिला महासचिव विजय कुमार रमेश चंद अभिलाष रामस्वरूप हेमंत सिंह आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिवालय प्रभारी ब्लॉक फतेहपुर 84 राघवेंद्र वाजपेई ने किया। कार्यक्रम में शोभित दीक्षित अभी द्विवेदी साने आलम विनय दीक्षित आदि लोग मौजूद रहे।

# दो चोरों को गिरफ्तार कर पुलिस ने किया चोरी का खुलासा

अमनलेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत नकबजनी के अभियोग का सफल अनावरण करते हुये 02 नफर अभियुक्त को मय चोरी गये माल सहित गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुये न्यायिक हिरासत में भेजा दिया

बारासगवर थाने के अन्तर्गत ग्राम रता रसूलपुर निवासिनी शिवकली पत्नी सोहनलाल के घर से अज्ञात चोरो द्वारा बक्से का ताला लोड़कर चांदी के जेवरात व पीतल की थालियां चोरी कर ली गई थी जिसके सम्बन्ध में पीड़िता की पुत्री कान्ती देवी पत्नी मनोज कुमार निवासी ग्राम भाभेमऊ थाना बीघापुर ने दिये गये प्रा० पत्र के आधार पर थाना बारासगवर में चोरी का मुकदमा दर्ज कराया था थाना बारासगवर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुये सोनू पुत्र ललऊ. बब्लू पुत्र बजरंगी रैदास निवासीगण ग्राम रसूलपुर को कांटी नहर पुलिया से गिरफ्तार किया तथा जामा तलाशी से अभियुक्तगण के पास से एक अदद बटुवा ,चार पीतल की थाली व चांदी के जेवर व पायल बरामद कर हुआ जिसकी पहचान वादिनी मुकदमा से मौके पर कराई गई। उपरोक्त बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 411 भादवि की बढ़ोत्तरी कर अभियुक्तगण को नियमानुसार कार्यवाही करते हुए न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

# पटेल की जयंती को समर्पित होगा उन्नाव महोत्सव

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। बहुप्रतीक्षित उन्नाव महोत्सव के लिए आयोजन समिति की बैठक, निरीक्षण भवन में हुयी। आयोजक उन्नाव विकास संस्थान में संस्थापक सत्यपाल सिंह की अध्यक्षता में आगामी 20 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक होने वाले 12 दिवसीय महोत्सव को भव्य और ऐतिहासिक बनाने पर चर्चा हुई। प्रबंधक अशोक पटेल ने बताया कि कई वर्षों बाद शासन प्रशासन से अनुमति प्राप्त हुई है और पिछले वर्षो की तरह पूरा महोत्सव पटेल जी की जयंती को समर्पित करते हुए प्रत्येक दिन के कार्यक्रम अमर शहीदों, महापुरुषों की याद में आयोजित होंगे। संयोजक डॉ मनीष सिंह सेंगर ने बताया धार्मिकता, राष्ट्रभक्ति, सामाजिक समरसता, साम्प्रदायिक सद्भाव, सांस्कृतिक, साहित्यिक, स्वस्थ मनोरंजन, गीत संगीत से सराबोर होगा महोत्सव। वरिष्ठ पदाधिकारी अशोक कुमार सिंह मुन्ना ने बताया अत्याधुनिक आकाशीय झूले, और बहुत प्रकार के स्टाल आमंत्रित किए गए हैं। वरिष्ठ पदाधिकारी सुभाष यादव ने बताया प्रतिदिन सुबह अध्यात्म, योग के फलदायी सत्रों में निरोग होने की कला निःशुल्क सीखेंगे लोग। वरिष्ठ पदाधिकारी धर्मेंद्र अवस्थी ने बताया एलोपथिक, होम्योपैथिक, आयुर्वेदिक, प्राकृतिक चिकित्सा, फिजियोथेरेपी के निःशुल्क कैम्प लगाए जाएंगे। अश्वनी गुप्ता और मनोज गुप्ता ने बताया कि बच्चों के लिए विशेष फन जोन, मैजिक शो, पपेट शो होगा। कोरियोग्राफर मोहम्मद तौफीक और श्रेयांश समी वर्मा ने बताया हर आयु वर्ग के छात्र छात्राओं के लिए शैक्षिक और सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं होंगी। ब्लॉगर फैज ने बताया कि सभी कार्यक्रमों का हर सोशल प्लेटफॉर्म पर लाइव टेलीकास्ट किया जाएगा। संजय सिंह चौहान फौजी और आशुतोष मिश्रा फौजी ने बताया कि कई कार्यक्रम सेना को समर्पित होंगे। बैठक का संचालन होस्ट शाश्वत त्रिवेदी और सतीश शर्मा ने किया। सत्यपाल सिंह ने सभी के प्रति आभार जताया।

# धूम धाम से मनाई गई भगवान विश्वकर्मा की जयंती

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। रविवार को तहसील बीघापुर क्षेत्र में देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा धूमधाम से की गया कई जगह पर विधिवत मूर्ति रख कर तथा पंडाल का निर्माण कर उनका पूजा अर्चना किया गया। जबकि लौह उपकरण इलेक्ट्रॉनिक दुकान, वाहन एजेंसियो, वाहन चालकों समेत विद्युत उपखण्ड में भी पूजा अर्चना हुई बीघापुर तहसील क्षेत्र सहित नगर समेत देहात क्षेत्र के गांवों में रबिवार को पूरे दिन भगवान विश्वकर्मा का पूजन धूमधाम से मनाया गया। कारखानो दुकानों वाहन मालिकों ने भी विधि विधान से पूजन अर्चन किया पूजा अर्चना के बाद प्रसाद को कन्याओं व बुजुर्ग महिला पुरुषों में भी वितरण किए गए व कहीं-कहीं पर भंडारे का भी आयोजन किया गया।बीघापुर विद्युत उप केन्द्र में विद्युत जे ई ने अपने कर्मचारियों के साथ विश्वकर्मा भगवान का पूजन किया कस्बा पाटन' भगवंत नगर ' बिहार व ग्रामीण क्षेत्रों में विश्वकर्मा समाज के लोगों द्वारा विश्वकर्मा पूजन करा भण्डारे का आयोजन किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी कई स्थानों पर पूजन के साथ भण्डारे का भी आयोजन किया गया।

# पति-पत्नी के 25 विवादित जोड़े आपसी कलह भुलाकर साथ रहने को हुए राजी

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सिद्धार्थ शंकर मीना पुलिस अधीक्षक उन्नाव के कुशल निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन उन्नाव एवं विभिन्न थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। परिवार परामर्श केन्द्र, परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया। तदोपरान्त महिला थाना से 10, परिवार परामर्श केन्द्र 08, थाना मांखी व थाना पुरवा से 02-02, थाना बांगरमऊ, थाना सफीपुर व थाना गंगाघाट से 01-01 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। उपरोक्त पुनीत कार्य में आशुतोष कुमार क्षेत्राधिकारी नगर अब्दुल रशीद प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन, डा0 आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति एवं सलाहकारों मे राजेन्द्र सिंह सेंगर, डॉ0 मनीष सिंह सेंगर, डा0 एस0के0 पाण्डेय, साबिहा उमर, डॉ0 शशि रंजना अग्निहोत्री, अबसार अली खान, डॉ0 सगीर अहमद, सहयोगी अंकित सिंह व शिवेन्द्र सिंह एवं संबन्धित थानों व परिवार परामर्श केन्द्र टीम से महिला उप निरीक्षक भागीरथी, महिला उप निरीक्षक मधु श्रीवास्तव, मंजू देवी, मिथिलेश वर्मा, अंशू रानी, अंजूला,मीनू, नेहा शुक्ला, आशी, सेविका, शीलू पाल का विशेष योगदान रहा।

# विश्व के कुशल शिल्पकार विश्वकर्मा जयंती भक्तों ने हवन पूजन कर मनाई



अमन लेखनी समाचार

नवाबगंज, उन्नाव। क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत जैतीपुर में भगवान विश्वकर्मा जयंती भक्तों द्वारा कई जगह सर्वजनिक रूप में बनाई गई। वही अधिकतर लोगों ने अपने निजी रूप से भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती मनाई ग्राम प्रधान उमेश रावत के घर पर सर्वजनिक पूजा की गई वहीं बलराम शर्मा बढ़ई के खेत में बने मन्दिर में भक्तों ने पूजा की वहीं लगातार 25 वर्षों से सबसे पुरानी विश्वकर्मा मूर्ति बबलू मौर्या के घर के सामने विराजमान है जिसमें भी हवन कर भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा कर जयंती मनाई गई जिसमें प्रमुख रूप से अशोक विश्वकर्मा, कमलेश विश्वकर्मा ,आशीष विश्वकर्मा, आचार्य सुरेश पाल शर्मा, चन्दन,शुभम उदय प्रकाश, शिवमंगल ,दिनेश विश्वकर्मा ,विद्याभूषण मौर्या,माता प्रसाद, क्षितिज , कृष्णा,अर्पित,जितेंद्र विश्वकर्मा , गुमशुम विश्वकर्मा, धर्मेन्द्र संजय कुमार, ब्रजेश कुमार निर्लेश कुमार विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

# हवन-पूजन एवं लड्डू बांटकर मनाया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन

अमन लेखनी समाचार



पयागपुर, बहराइच। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रनियापुर गोबरही स्थित रगघुबाबा देव स्थान पर क्षेत्रीय विधायक सुभाष त्रिपाठी, ब्लाक प्रमुख विशेश्वरगंज प्रतिनिधि राकेश पांडे, विधायक प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी एवं मंडल अध्यक्ष राजकुमार शुक्ला सहित सैकड़ों पार्टी कार्यकताओं के साथ पहुंचकर हवन पूजन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी की लंबी आयु के लिए प्रार्थना की। आपको बताते चलें की आज 17 सितंबर 1950 को पैदा हुए पीएम नरेंद्र मोदी का 72वां जन्मदिवस है।जिसके उपलक्ष में आज रानियांपुर गोबरही में क्षेत्रीय विधायक एवं ब्लाक प्रमुख विशेश्वरगंज राकेश पाण्डेय ने आयोजित कार्यक्रम में अपने समर्थकों के साथ हवन पूजन कर मिष्ठान वितरण कर लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड का भी वितरण किया। वहीं कार्यक्रम में बोलते हुए क्षेत्रीय विधायक सुभाष त्रिपाठी ने कहा कि सन् 2014 को भारत के 15वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद 2019 में एक बार फिर अपने दूसरे कार्यकाल की शुरूआत करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मौजूदा समय में विश्व के सबसे लोकप्रिय नेताओं में से एक है। जिन्होंने सबका साथ सबका विकास एवं सबका विश्वास के रास्ते पर चलते हुए बिना भेदभाव के क्षेत्र एवं देश का संपूर्ण विकास करने का काम किया है। क्षेत्र में बिजली के क्षेत्र में तीन नए उपकेंद्र जल्द ही बनाए जायेंगे जिससे क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था में व्यापक सुधार होगा वहीं सरकार की अन्य उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि चाहे वह सड़क का काम हो पुल का काम हो बिजली का काम हो सभी क्षेत्रों में सरकार व्यापक सुधार कर रही है। कार्यक्रम का संचालन आनंद पाण्डेय एवं राजकुमार शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से प्रधान प्रतिनिधि सहित क्षेत्र के भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# कार्ड धारकों को कम राशन वितरण करता है कोटेदार

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र के ग्राम सादाबाद में कोटेदार की दबंगई के चलते खुलेआम कार्ड धारकों की आंखों में मिर्ची डालकर जमकर घटतौली की जा रही है कोटेदार के इलेक्ट्रिक कांटा पर 35 किलो 600 ग्राम निकलता है बगंल में दूसरे कांटा पर 31 किलो 600ग्राम निकलता है ग्रामीणों के साथ जमकर इस तरीके से घटतौली की जा रही है पूर्ति विभाग जानकर भी अनजान बना हुआ है क्षेत्र के ग्राम सादाबाद कोटेदार द्वारा खुले आम कार्ड धारकों की आंखों में लाल मिर्ची झुकी जा रही है यह दबंग कोटेदार खुली आंखों के सामने कार्ड धारकों के साथ जमकर घटौली कर रहा है कोटेदार के इलेक्ट्रिक कांटा पर 35 किलो 600 ग्राम राशन निकलता है तथा बगंल में कुछ दूरी पर लगा इलेक्ट्रिक कांटा उसे पर यही राशन 31 किलो 600ग्राम निकलता है तथा जब इसी तरह दूसरे कार्ड धारक का राशन कोटेदार के कांटा पर 21 किलो कुछ ग्राम निकलता है तथा बगंल में लगा काटा पर 18 किलो कुछ ग्राम निकलता है इस तरीके से खुलेआम कोटेदार द्वारा घटतौली की जा रही है पूर्ति विभाग जानकर भी अनजान बना हुआ है सरकार द्वारा कार्ड धारकों को फ्री राशन दिया जा रहा है जिसमें कोटेदार द्वारा जमकर घंटतौली की जा रही है।

### किशोरी के साथ की छेड़छाड़ मुकदमा हुआ दर्ज

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार क्षेत्र के अन्तर्गत एक गांव निवासी 15 वर्षीय किशोरी ने थाने में तहरीर देकर बताया कि ग्राम बरगदहाडिग्गी निवासी भानु प्रताप 40 वर्ष मुझे बहलाफुसला कर कान में दर्द का इलाज करवाने के बहाने लिवा ले गया ,रास्ते मे मुझे चाट खिलवाई जिसमे उसने कुछ नशीला पदार्थ मिला दिया था और बेजा हरकते करने लगा कुछ देर बाद मैं बेहोश हो गयी ।होश आने पर हमको पता चला कि मेरे स्वजन मुझे सुमेरपुर अस्तपताल लाये है। थाना प्रभारी संदीप शुक्ला ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# कजरी तीज के अवसर पर मन्दिरो में उमड़ा भक्तो का जन सैलाब

अमन लेखनी समाचार



पयागपुर, बहराइच। भगवान भोलेनाथ के पावन नगरी व आस्था का केंद्र पृथ्वीनाथ मंदिर ,पाण्डव कालीन मन्दिर इमरती कुरसहा व बाबा बागेश्वर नाथ में कजरी तीज में आस्था का जन सैलाब उमड़ पड़ा। पूरा मंदिर परिसर बोल बम की गूंज से शिवमय हो गया रविवार की रात से ही श्रद्धालुओं का आना जारी रहा। जिसको देखते हुये पुरैना नहर पुल,बनियागाँव सुजानडीह, ठोरिया मुंडेरवा सरहदी में शिव भक्तों के द्वारा जगह जगह खान पान ठहरने की उत्तम व्यवस्था देखने को मिला। शिव भक्त व श्रद्धालु निकटवर्ती भगड़वा घाट, करनैलगंज सरजू घाट, व अयोध्या आदि से सरजू का पवित्र जल भर कर भगवान शिव पर जलाभिषेक कर पूजा- अर्चना की। रंग बिरंगे कपड़ो में सजे कांवरियों का जत्था सुबह से ही अधिकाधिक संख्या में मंदिर परिसर में पहुंच देर शाम कर जलाभिषेक किया। इस दौरान बोल बम व हर हर महादेव के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। रिमझिम बारिश में भी शिव भक्तों का हौसला नहीं टूटा और अपने रास्ते पर चले गये करीब एक लाख से अधिक भक्तों ने जलाभिषेक के साथ पूजा-पाठ कर सुख शांति के लिए मन्नतें मांगी। अत्यधिक भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन की चाक चौबंद व्यवस्था की वजह से श्रद्धालुओं को जलार्पण में सुविधा मिली। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई दिक्कतें न हो इसके लिए पुलिस प्रशासन भारी संख्या जगह जगह तैनात किए गए थे। जिससे किसी भी कावरियों को कोई दिक्कत न होत।

# आज मनाया जायेगा हरतालिका तीज वृत का पर्व

बीघापुर, उन्नाव। हिंदू धर्म में हरतालिका तीज का बहुत बड़ा महत्व है. भाद्रपद के शुक्ल पक्ष की तृतीया को हरियाली तीज मनाई जाती हैपौराणिक मान्यतों के अनुसार, इस दिन भगवान शिव और देवी पार्वती का पुनर्मिलन हुआ था हरतालिका तीज को संकल्प शक्ति का प्रतीक और अखंड सौभाग्य की कामना का परम पावन व्रत माना जाता हैं. हरतालिका तीज का व्रत निर्जला किया जाता है इस व्रत को कुमारी और सौभाग्यवती स्त्रियां करती हैं. इस बार हरतालिका तीज 18सितंबर दिन सोमवार यानी आज है हरतालिका तीज का व्रत सबसे कठिन व्रत माना जाता है. इस दिन भगवान शंकर की पूजा फुलेरा से की जाती है. हरतालिका तीज में फुलेरा का विशेष महत्व माना जाता है इस दिन मेहंदी लगाने की परंपरा है इस त्योहार की रौनक विशेष तौर पर उत्तर प्रदेश और बिहार में देखने को मिलती है. इस व्रत को निर्जला रखा जाता है और अगले दिन पूजन के पश्चात ही व्रत खोला जाता है.इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती के पूजन का विशेष महत्व है.

चिंतन

# महिलाओं का लापता होना चिंता की बात

देश में महिलाओं और लड़कियों का लापता होना चिंता की बात है। हमारे पुलिस तंत्र को चाहिए कि महिलाओं और बच्चों के लापता होने की घटनाओं को गंभीरता से लेना चाहिए। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के मुताबिक, देश में 2019 से 2021 के बीच तीन साल की अवधि में 13.13 लाख लड़कियां और महिलाएं लापता हुई हैं जिनमें से सबसे अधिक मध्यप्रदेश की हैं। लापता महिलाओं की संख्या के लिहाज से पश्चिम बंगाल दूसरे स्थान पर है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा संसद में पिछले सप्ताह पेश आंकड़ों के मुताबिक देश से 2019 से 2021 के बीच 18 साल से अधिक उम्र की 10,61,648 महिलाएं लापता हुईं, जबकि इसी अवधि में देश से 18 साल उम्र की 2,51,430 लड़कियां गायब हुईं। संसद द्वारा मुहैया कराए गए आंकड़ों के मुताबिक मध्यप्रदेश से 2019 से 2021 के बीच 1,60,180 महिलाएं और 38,234 लड़कियां लापता हुई थीं। इसी अवधि में पश्चिम बंगाल से 1,56,905 महिलाएं और 36,606 लड़कियां लापता हुईं। आंकड़ों के मुताबिक महाराष्ट्र से 2019 से 2021 के बीच, 1,78,400 महिलाएं और 13,033 लड़कियां लापता हुई हैं। ओडिशा में उक्त तीन साल की अवधि में 70,222 महिलाएं और 16,649 लड़कियां गायब हुई हैं जबकि छत्तीसगढ़ में इसी अवधि के दौरान 49,116 महिलाएं और 10,187 लड़कियां लापता हुईं। संसद के पटल पर पेश आंकड़ों के मुताबिक केंद्र शासित प्रदेश में दिल्ली शीर्ष पर रही जहां से सबसे अधिक महिलाएं और लड़कियां लापता हुईं। राष्ट्रीय राजधानी से 61,054 महिलाएं और 22,919 लड़कियां 2019 से 2021 के बीच लापता हुई हैं। जम्मू-कश्मीर में इस अवधि के दौरान 8,617 महिलाएं और 1,148 लड़कियां गायब हुई हैं। सरकार ने संसद को सूचित किया कि उसने पूरे देश में महिलाओं की सुरक्षा के लिए कदम उठाए हैं, जिनमें यौन अपराधों को रोकने के लिए आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम- 2013 को लागू करना शामिल है। सरकार ने बताया कि आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम- 2013 को लागू किया गया, जिसमें 12 साल से कम उम्र की बच्ची से दुष्कर्म करने के दोषी को मौत की सजा देने समेत अन्य कड़े प्रावधान हैं। यूएन की एक वर्ष 2020 की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन के बाद भारत में महिलाओं के लापता होने की संख्या सबसे ज्यादा है। भारत में पिछले 50 वर्षों के दौरान 4.58 करोड़ महिलाएं लापता हुई हैं, जबकि दुनियाभर में लापता होने वाली महिलाओं की संख्या 14.26 करोड़ है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष द्वारा जारी स्टेट ऑफ वर्ल्ड पॉपुलेशन रिपोर्ट में कहा गया था पिछले 50 सालों में लापता होने वाली महिलाओं की संख्या विश्व में दोगुने से अधिक हो गई है। यह 1970 में 6.1 करोड़ थी जो 2020 तक बढ़कर 14.26 करोड़ हो गई। इस वैश्विक आंकड़े में भारत में 2020 तक लापता महिलाओं की संख्या 4.58 करोड़ और चीन की 7.23 करोड़ है। एनसीआरबी की रिपोर्ट की मानें तो देश में रोजाना 246 लड़कियां और 1027 लड़कियां गायब हो रही है। हर रोज 87 महिलाओं के साथ दुष्कर्म हो रहा है। यह देखा गया है कि लड़कियों और महिलाओं के लापता होने के मुख्य कारणों में प्रेम संबंध, पारिवारिक/वैवाहिक विवाद, वित्तीय कारण, भाग जाना, दिमागी तौर पर अस्वस्थता, पढ़ाई में असफलता आदि शामिल हैं। यूं तो लापता व्यक्तियों के मामलों की जांच तुरंत की जानी चाहिए, लेकिन पुलिस तंत्र की लापरवाही के चलते महिलाओं व लड़कियों के लापता होने की घटनाओं पर लगाम नहीं लग पाती है। सरकार को महिलाओं के लापता होने की घटनाओं पर रोक लगाने का पुख्ता इंतजाम करना चाहिए।



अर्थव्यवस्था

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# कारोबार सुगमता का लाभदेय परिदृश्य

हाल ही में लोकसभा में जन विश्वास (प्रावधान संशोधन) विधेयक, 2023 को मंज़ूरी दे दी गई है, वह उद्योग-कारोबार बढ़ाने में मील का पत्थर साबित हो सकता है। उद्योग-कारोबार को आसान बनाने के लिए विगत 9 वर्षों में करीब 1,500 पुराने कानूनों और 40 हजार अनावश्यक अनुपालन को समाप्त कर दिया गया है। आर्थिक क्षेत्र में जीएसटी और दिवालिया कानून जैसे सुधार किए गए हैं। बैंकिंग क्षेत्र में जोरदार सुधार करके मजबूत वृहद आर्थिक बुनियाद की मदद से अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाया गया है। कारोबार सुगमता के लिए ऐसे और अधिक प्रयासों से देश में उद्योग और कारोबार, निर्यात, निवेश तथा रोजगार के मौके बढ़ेंगे।

हाल ही में लोकसभा ने जिस जन विश्वास (प्रावधान संशोधन) विधेयक, 2023 को मंज़ूरी दी है, वह उद्योग-कारोबार बढ़ाने में मील का पत्थर साबित हो सकता है। इसमें कारोबार सुगमता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 42 अधिनियमों में 183 प्रावधानों में संशोधन कर छोटी-मोटी गड़बड़ियों को अपराध की श्रेणी से हटाने का प्रस्ताव किया गया है। ये 42 कानून जिन विभिन्न 19 केंद्रीय मंत्रालयों से संबद्ध हैं। उनमें मंत्रालयों में वित्त, वित्तीय सेवाएं, कृषि, वाणिज्य, पर्यावरण, सड़क परिवहन और राजमार्ग, डाक, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी शामिल हैं। विभिन्न अधिनियमों में संशोधन के जरिये मुकदमों में वृद्धि से बचने के लिए जहां भी संभव हो कारावास के साथ जुर्माने को हटाकर नियम का उल्लंघन करने पर मौद्रिक दंड लगाए जाने तथा छोटे-मोटे अपराधों को अपराधमुक्त करने के प्रस्ताव के अलावा अपराध की गंभीरता के आधार पर मौद्रिक दंड को तर्कसंगत बनाने, भरोसे पर आधारित राजकाज को बढ़ावा देने के भी प्रस्ताव किए गए हैं।

ज्ञातव्य है कि उद्योग-कारोबार को आसान बनाने के लिए विगत 9 वर्षों में करीब 1,500 पुराने कानूनों और 40 हजार अनावश्यक अनुपालन को समाप्त कर दिया गया है। आर्थिक क्षेत्र में जीएसटी और दिवालिया कानून जैसे सुधार किए गए हैं। बैंकिंग क्षेत्र में जोरदार सुधार करके मजबूत वृहद आर्थिक बुनियाद की मदद से अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाया गया है। कॉरपोरेट टैक्स को कम किया गया है। कारोबार का खुद संचालन करने के बजाय सरकार ने कारोबार करने के लिए आधार तैयार किया है। गौरतलब है कि 17 जुलाई को विश्व की प्रसिद्ध ब्रोकरेज कंपनी बर्नस्टीन के द्वारा भारत में आर्थिक-वित्तीय सुधार एवं डिजिटलीकरण पर प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ऐतिहासिक सुधारों, बुनियादी ढांचा विकास, वित्तीय समावेशन और डिजिटलीकरण के बल पर कारोबार सुगमता की डगर पर लंबी छलांग लगाते हुए दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। इन दिनों प्रकाशित हो रही कारोबार की अनुकूलताओं से संबंधित अन्य कई वैश्विक रिपोर्टें भारत में कारोबार सुगमता के परिवेश को रेखांकित करते हुए दिखाई दे रही हैं। संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक आयोग (यूएनईएससीएपी) की डिजिटल एवं टिकाऊ व्यापार सुविधा संबंधी रिपोर्ट में भारत 140 देशों को पीछे छोड़ते हुए दुनिया में सबसे आगे पहुंच गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक पारदर्शिता, औपचारिकताएं, संस्थागत व्यवस्था, सहयोग और कागज रहित व्यापार संबंधी मूल्यांकन में भारत ने 100 प्रतिशत की उत्कृष्ट रैंक हासिल की है। दो वर्ष पहले 2021 में प्रकाशित डिजिटल एवं टिकाऊ व्यापार सुविधा रिपोर्ट में भारत ने 90.32 फीसद अंक हासिल किए थे तथा वर्ष 2019 में इस रिपोर्ट में भारत को 78.49 फीसद अंक मिले थे। स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि पिछले चार वर्षों में भारत डिजिटल एवं टिकाऊ व्यापार सुविधाओं में छलांगें लगाकर आगे बढ़ा है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि कारोबार में बढ़ती अनुकूलताओं के कारण भारत में ख्याति प्राप्त वैश्विक फाइनेंस और




कॉमर्स कंपनियां अपने कदम तेजी से बढ़ा रही हैं। इतना ही नहीं भारत से कई विकसित और विकासशील देशों के लिए कई काम बड़े पैमाने पर आउटसोर्सिंग पर हो रहे हैं। अमेरिका, यूरोप और एशियाई देशों की बड़ी कंपनियां नई प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारतीय आईटी प्रतिभाओं के माध्यम से नवाचार को बढ़ावा देने के लिए भारत में अपने ग्लोबल इन हाउस सेंटर (जीआईसी) तेजी से बढ़ते हुए दिखाई दे रही हैं। भारत में स्थित वैश्विक फाइनेंशियल फर्मों के दफ्तर ग्लोबल सुविधाओं से सुसज्जित हैं। इन वैश्विक फर्मों में बड़े पैमाने पर भारतीय युवाओं की नियुक्तियां हो रही हैं। भारत के युवाओं ने डिजिटल और उद्यमिता के क्षेत्र में दुनियाभर में दबदबा कायम किया है। 100 से ज्यादा यूनिकार्न बनाए हैं और एक लाख से ज्यादा नए स्टार्टअप हैं।

निस्संदेह इस समय कारोबार सुगमता के लिए नई लॉजिस्टिक नीति, महत्वाकांक्षी गति शक्ति योजना और नई विदेश व्यापार नीति के द्वारा नए अध्याय लिखे जा रहे हैं। ऊंचे लॉजिस्टिक अंतर को पाटने और भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में प्रतिस्पर्धी बनाने में नई लॉजिस्टिक नीति के सराहनीय परिणाम दिखाई देने शुरू हुए हैं। विभिन्न 16 विभागों में समन्वय के लिए गति शक्ति योजना और बुनियादी ढांचा कनेक्टिविटी परियोजनाओं के समन्वित कार्यान्वयन के लिए योजना की उच्च प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ा जा रहा है। साथ ही रेलवे, सड़क, बंदरगाह, जलमार्ग, हवाई अड्डे, सार्वजनिक परिवहन और लॉजिस्टिक्स इन्फ्रास्ट्रक्चर के रूप में चिह्नित किए गए सात इंजिनों के तहत भारतमाला (राजमार्ग), सागरमाला, उड़ान, भारत नेट, रेलवे विस्तार और अंतर्देशीय जलमार्ग विस्तार जैसी योजनाओं को समन्वित रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है।

यह बात महत्वपूर्ण है कि एक अप्रैल 2023 से लागू देश की नई विदेश व्यापार नीति विदेश व्यापार को सरल बनाने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। नई विदेश व्यापार नीति के तहत सरकार ने निर्यात के दायरे को बढ़ाने के लिए जिला स्तर पर एक्सपोर्ट हब की स्थापना करने की डगर पर आगे बढ़ी है। जिला स्तर पर निर्यात सुविधा विकसित होने से उस जिले के उत्पाद को आसानी से निर्यात किया जा सकेगा। ई-कॉमर्स जोन की स्थापना की ओर तत्परता से आगे बढ़ा जा रहा है। ऐसे प्रयासों से भारत का ई-कॉमर्स निर्यात 2030 तक 200 से 300 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है।

निश्चित रूप से डिजिटल एवं टिकाऊ व्यापार के मद्देनजर भारत लाभ की स्थिति में है, लेकिन स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि अभी सीमित संख्या में ही भारत नई डिजिटल की कौशल प्रशिक्षित प्रतिभाएं डिजिटल कारोबार की जरूरतों को पूरा कर पा रही हैं। अब दुनिया की सबसे अधिक युवा आबादी वाले भारत को बड़ी संख्या में युवाओं को डिजिटल कारोबार के दौर की और नई तकनीकी योग्यताओं के साथ एआई, क्लाउड कम्प्यूटिंग, मशीन लर्निंग एवं अन्य नए डिजिटल स्किल्स से सुसज्जित किया जाना होगा। अब भारत के द्वारा यूरोपीय संघ, ब्रिटेन, कनाडा, खाड़ी सहयोग परिषद के छह देशों, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका और इजराइल के साथ एफटीए के लिए प्रगतिपूर्ण वार्ताएं तेजी से पूरी करनी होंगी। रुपए को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा के रूप में स्थापित करने के लिए अधिक प्रयास करने होंगे। देश की नई विदेश व्यापार नीति, नई लॉजिस्टिक नीति और गति शक्ति योजना की अभूतपूर्व रणनीतियों से भारत को आर्थिक प्रतिस्पर्धी देश के रूप में तेजी बढ़ाना होगा।

हमें इस वर्ष जी-20 की अध्यक्षता के दौरान इस सम्मेलन की विभिन्न बैठकों में लगातार आते जा रहे विशिष्ट विदेशी प्रतिनिधियों को भारत के डिजिटल विकास और कारोबार सुगमता के परिदृश्य से अच्छी तरह परिचित कराना होगा। निश्चित रूप से कारोबार सुगमता के लिए ऐसे और अधिक प्रयासों से देश में उद्योग और कारोबार, निर्यात, निवेश तथा रोजगार के मौके बढ़ेंगे।


जयंती

कृष्ण प्रताप सिंह



# यूं बने 'मुंशी' और उपन्यास सम्राट

सन 1880 में इकतीस जुलाई को उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक वाराणसी नगर से कुछ ही किलोमीटर की दूरी पर स्थित लमही नाम के छोटे से गांव में माता आनंदी देवी ने अपनी कोख से एक बेटा जना और पिता अजायब राय ने उसका नाम धनपत राय रखा तो शायद ही किसी ने सोचा हो कि एक दिन धनपत राय न सिर्फ कलम का सिपाही बल्कि 'हिन्दी कथा-साहित्य का पितामह' भी बन जाएगा। जानकारों के अनुसार हिन्दी साहित्य की सेवा तो खुद धनपत राय का भी पहला प्यार नहीं थी और वह वकील बनना चाहते थे। फिर भी कैसे बड़ा होकर वह पहले नवाब राय, फिर प्रेमचन्द और उसके बाद मुंशी प्रेमचन्द व उपन्यास सम्राट वगैरह बने, इसकी दास्तान उतनी ही अनूठी है, जितनी उनकी कहानियां या उपन्यास। हां, कथेतर लेखन भी। क्या पता कि धनपत राय को अपने पिता का दिया यह नाम पसंद नहीं था या वह नहीं चाहते थे कि देश पर गुलामी थोपने वाली तत्कालीन गोरी सरकार उसके प्रतिरोधी तेवर से खफा हो तो वह उसका सीधा कोपभाजन बन जाये, उसे उर्दू में कहानियां लिखने की सूझी तो उसने नवाब राय नाम अपनाया, लेकिन इस नाम की उम्र भी बहुत लम्बी नहीं हो पाई। 1909 में गोरी सरकार ने कानपुर के जमाना प्रेस से छपा उसका 'सोजे वतन' नामक कहानी-संग्रह प्रकाशित होते ही जब्त कर लिया तो उर्दू के 'जमाना' नामक पत्र के संपादक मुंशी दयानारायण निगम ने उसे सुझाया कि आगे वह नबाव राय के बजाय प्रेमचंद नाम से साहित्य-सृजन करे। यह सुझाव उन्हें इतना रुचा कि नवाब राय को प्रेमचन्द बनाने में तनिक भी देर नहीं की और उर्दू से हिन्दी में आए तो भी प्रेमचन्द बनकर ही आए। अनंतर, अनेक पाठकों का प्यार पाकर प्रेमचन्द के मुंशी प्रेमचन्द में बदलने को लेकर



प्रेमचन्द के जीवनकाल में तो जितने मुंह उतनी बातें हुआ ही करती थीं। इस कारण और कि न 'मुंशी' प्रेमचन्द की अपने अध्व्यवसाय से अर्जित या विरासत में प्राप्त उपाधि थी, न ही उपनाम। एक दौर में प्रेमचन्द अध्यापक हुआ करते थे और अध्यापकों को 'मुंशी' भी कहा जाता था, इसलिए एक कयास यह भी था कि उन्हें उनके अध्यापक होने के कारण मुंशी कहा जाता है, लेकिन बाद में यह कयास भी वैसे ही गलत सिद्ध हुआ जैसे यह कयास कि चूंकि उनके पिता डाकघर में मुंशी हुआ करते थे, उनके वारिस के तौर पर प्रेमचन्द भी मुंशी हो गये। उनके पुत्र अमृत राय के अनुसार उन्होंने खुद अपने नाम के आगे कभी 'मुंशी' नहीं लगाया। फिर? दरअसल, प्रेमचन्द को मुंशी बनाने में उनके द्वारा सम्पादित पत्र 'हंस' की बड़ी भूमिका रही है। इस पत्र में दो सहसम्पादक हुआ करते थे-पहले कन्हैयालाल मुंशी, दूसरे प्रेमचन्द और उसके कई अंकों में प्रेमचन्द के नाम से पहले कन्हैयालाल मुंशी के पूरे नाम के बजाय महज 'मुंशी' छपा रहता था। मुंशी, फिर कॉमा, फिर प्रेमचन्द। कुछ इस तरहः मुंशी, प्रेमचंद। लेकिन कई बार छापे की गलती से मुंशी और प्रेमचन्द के बीच का कॉमा छपने से रह जाता और कई बार पाठक खुद उसकी उपेक्षाकर मुंशी व प्रेमचंद को एक समझ लेते थे। इसके चलते धीरे-धीरे मुंशी प्रेमचंद का अलंकरण बन गया और वे मुंशी प्रेमचंद बन गये। बहरहाल, प्रेमचन्द का उपन्याससम्राट बनने के पीछे का वाकया भी उनके मुंशी बनने जितना ही दिलचस्प है। उन दिनों कलकत्ता में एक 'वणिक प्रेस' हुआ करता था, जिसके मुद्रक महाबीरप्रसाद पोद्दार प्रेमचन्द से बहुत प्रभावित थे और जैसे ही उनका कोई नया उपन्यास आता, उसे बंगला साहित्यकार शरतचन्द्र को पढ़ने को दे देते थे। एक दिन वे शरतचंद्र के घर गये तो देखा कि उन्होंने प्रेमचन्द के एक उपन्यास के एक पृष्ठ पर 'उपन्याससम्राट' लिख रखा है। उन्होंने झट उसे लपक लिया और प्रेमचंद को 'उपन्याससम्राट' बना डाला। एक बार उनके एक लेख से कुछ लोग नाराज हो गए और उनकी लानत-मलामत पर उतर आये तो पत्नी ने उनसे पूछा कि वे ऐसा लिखते ही क्यों है कि लोग भड़ककर उनके पीछे पड़ जाते हैं? उनका उत्तर थाः पब्लिक और गर्वनमेंट दोनों लेखक को अपना गुलाम समझती हैं।...लेकिन आखिरकार लेखक भी कोई चीज है। वह सभी की मर्जी के मुताबिक ही लिखे तो लेखक कैसा?....गवर्नमेंट जेल में डालती है, पब्लिक मारने की धमकी देती है, तो क्या इससे लेखक डर जाये और सच्चाई बयान करना बन्द कर दे?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## कर्मों से उपार्जित सुख



संकलित

दर्शन

संसार के सारे क्रियाकलाप, मानव-समाज में हो रही गति, यह सब केवल मन का ही खेल है। मनुष्य की इच्छा शक्ति का प्रकाश मात्र है। अनेक प्रकार के यंत्र, युद्धपोत आदि सभी मनुष्य की इच्छा शक्ति के विकास मात्र हैं। मनुष्य की यह इच्छाशक्ति चरित्र से उत्पन्न होती है और वह चरित्र कर्मों से गठित होता है। अतएव कर्म जैसा होगा, इच्छाशक्ति का विकास भी वैसा ही होगा। संसार में प्रबल इच्छा शक्ति संपन्न जितने महापुरुष हुए हैं, वे सभी उत्कृष्ट कर्मी थे। उनकी इच्छाशक्ति ऐसी थी कि वे संसार को भी उलट-पुलट कर सकते थे। यह शक्ति उन्हें युग-युगांतर तक निरंतर कर्म करते रहने से प्राप्त हुई थी। बुद्ध एवं ईसा मसीह में जैसी प्रबल इच्छाशक्ति थी, वह एक जन्म में प्राप्त नहीं की जा सकती और उसे हम आनुवंशिक शक्तिसंचार भी नहीं कह सकते, क्योंकि हमें ज्ञात है कि उनके पिता कौन थे। हम नहीं कह सकते कि उनके पिता के मुंह से मनुष्य जाति की भलाई के लिए शायद कभी एक शब्द भी निकला हो। जोसेफ (ईसा मसीह के पिता) के समान तो असंख्य बढ़ई आज भी हैं, बुद्ध के पिता के सदृश लाखों छोटे-छोटे राजा हो चुके हैं। अतः यदि वह बात केवल आनुवंशिक शक्तिसंचार के कारण हुई हो, तो इसका स्पष्टीकरण कैसे कर सकते हैं कि इस छोटे से राजा को, जिसकी आज्ञा का पालन शायद उसके स्वयं के नौकर भी नहीं करते थे। ऐसा एक सुंदर पुत्र-रत्न लाभ हुआ, जिसकी उपासना लगभग आधा संसार करता है?

## सुदर्शन रूप में भक्त की प्रेत से रक्षा



संकलित

प्रेरणा

संत अनंतकृष्ण बाबा जी के पास एक लड़का सत्संग सुनने के लिए आया करता था। संत से प्रभावित होकर बालक द्वारा दीक्षा के लिए प्रार्थना करने पर बाबा जी ने कहा कि महामंत्र का 11 लाख जप करके आओ उसके बाद विचार करेंगे। लगभग कुछ महीनों के पश्चात जप की संख्या पूरी करने के बाद वह बाबा के पास पुनः आया। बाबा ने बालक को कहा 11 लाख और जप करके आना। अभी 3-4 वर्ष ही बीते थे साधक जीवन में प्रवेश किए हुए, उसके मन में श्रद्धा की कमी होने लगी। वह एक दिन कहीं जा रहा था रास्ते में एक तांत्रिक को कुछ सिद्धियों का प्रदर्शन करते हुए देखा। तांत्रिक ने उससे अपने बारे में पूछा, उसने अपनी उपासना के बारे में बताया। तांत्रिक ने पूछा कि तुम इतने वर्षों से इतनी संख्या में जप करते हो, साधना करते हो उससे तुम्हे कुछ अनुभूति हुई? हमारी तरह प्रेत सिद्ध कर लो, तुम्हारे सब काम प्रेत कर दिया करेगा, बालक ने तांत्रिक से साधन की विधि जानी और शीघ्र ही थोडे मंत्रो के जप से ही सिद्ध प्राप्ति कर ली। उसने तांत्रिक से कहा कि मुझे तो कोई प्रेत सिद्ध हुआ नहीं। तांत्रिक ने कहा पुनः प्रयास करो। इस बार भी प्रेत प्रकट नहीं हुआ। तांत्रिक ने प्रेत को बुलाकर पूछा कि तुम इसके सामने क्यों नहीं प्रकट होते हो? उस प्रेत ने कहा मैं तो जैसे ही इसके थोड़े निकट जाता हूँ, इसके पीछे एक सुदर्शन चक्र प्रकट हो जाता है। मैं महान बलवान होने पर भी उस चक्र के तेज के सामने टिक नही सकता। अवश्य ही कोई शक्ति इसकी रक्षा करती है।

अंतर्मन




आज की पाती

### दिल्ली पुस्तक मेले का महत्त्व

देश की राजधानी दिल्ली में 2 अगस्त तक दिल्ली पुस्तक मेले का आयोजन किया जाएगा। यह दिल्ली में प्रगति मैदान में होगा। इस बार के दिल्ली पुस्तक मेले का थीम है 'राष्ट्र निर्माण में पुस्तकें'। इस पुस्तक मेले में वैसे तो हर वर्ग के लोगों को जाना चाहिए, लेकिन खासतौर पर युवा वर्ग को इसमें जरूर रुचि लेनी चाहिए। हो सकता है इस पुस्तक मेले में आपको ऐसी पुस्तकें मिल जाएं जो आपके कैरियर के लिए कोई मार्गदर्शक बन जाएं। इस मेले में विभिन्न प्रकाशकों द्वारा बुक स्टाल लगाए जाएंगे जिनमें विद्यार्थियों को परीक्षा तैयारी करने से संबंधित पुस्तकें भी होंगी। आज इंटरनेट का जमाना है, लेकिन आज भी पुस्तकों का बहुत महत्त्व है।

*- विवेक अग्रवाल, दुर्ग*

ट्रेंड

### किसी का शोषण न हो



मानव तस्करी मौलिक मानवाधिकारों और स्वतंत्रता का जघन्य उल्लंघन है। जैसे ही हम मानव तस्करी समाप्ति दिवस मनाते हैं, हमें एक ऐसी दुनिया बनाने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए जहां किसी को कभी भी खरीदा, बेचा या शोषण नहीं किया जा सके।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### जागरूक ही एकमात्र रास्ता



एक जीवन दूसरे से अधिक महत्वपूर्ण नहीं है; प्रत्येक जीवन और प्रत्येक प्रजाति पारिस्थितिक संतुलन और सुसंगत विकास प्रक्रिया को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है। जागरूक मानव गतिविधि ही एकमात्र रास्ता है; एक मौका दें।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

# आज का राशिफल

मेष: रिश्ते में गलतफहमियों को जगह न दें और प्यार का इजहार करते रहें इससे आपकी चाहत आसमान को छुएगी। घर पर आए संकट को दूर करने में व्यस्त रहेंगे। आपकी सभी प्रेम की इच्छाएं जल्द पूरी होंगी। शादीशुदा जातकों के लिए दिन अच्छा है। रिश्ते में प्यार और रोमांस का भाव देखने को मिल सकता है। साथी के साथ कहीं घूमने जाने का प्लान बन सकता है।

वृषभ: आज आपका सारा काम अच्छे से बनेगा और अब समय आ गया है पार्टी का। किसी गुप्त या रहस्यमय रिश्ते को दुनिया के सामने लाने का समय आ गया है। आज गृहस्थ जीवन में आनंद आएगा। प्रेम जीवन के लिए दिन सामान्य रहेगा। प्रियतम के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो सकती है।

मिथुन: आपका जीवनसाथी आपका मददगार है और वो आपकी हर संभव सहायता करेगा। जैसे भी हो उसे हर तरह से खास महसूस कराएं। गृहस्थ जीवन में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। प्रेम जीवन में आनंद आएगा। साथी के साथ अगर रिश्ते खराब चल रहे हैं तो उसमें सुधार देखा जाएगा।

कर्क: अगर कोई आपसे अपनी दिल की बातों को शेयर करता है तो इसका अर्थ है कि वो आपके प्रति आकर्षित है, इस मौके को व्यर्थ न जाने दें। लव लाइफ के लिए दिन अनुकूल है। प्रियतम के साथ प्यारभरी बातें होंगी। गृहस्थ जीवन के लिए दिन थोड़ा कमजोर है। जीवनसाथी के साथ मनमुटाव संभव है।

सिंह: अपनी नयी चाहत का इजहार करने के लिए आज का दिन अच्छा है बस इसका तरीका कुछ अलग और नया होना चाहिए। आज आप अपने खास दोस्त को किसी डेट पर ले जा सकते हैं। जीवनसाथी को कोई खुशखबरी मिल सकती है। शादीशुदा जातकों के लिए आज का दिन थोड़ा भारी रहेगा। प्रेम जीवन में साथी को आपके प्यार पर शक हो सकता है।

कन्या: पति पत्नी के रिश्ते में शारीरिक आकर्षण नहीं बल्कि दिल से जुड़ाव होना जरूरी है। आपकी पर्सनालिटी और गुणों के कारण हर कोई आपको जानना और आपके करीब आना चाहता है। शादीशुदा लोगों का दांपत्य जीवन तनाव के साथ गुजरेगा। प्यार में रिश्ते सामान्य बनेंगे। लेकिन प्रियतम को आपके प्यार पर भरोसा होगा।

तुला: आज किसी भी विषय के बारे में सोच समझ कर निर्णय लें फिर वो रोमांस से संबंधित हो या खास पलों को लेकर। अपने व्यस्त जीवन से कुछ समय निकाल कर परिवार और निजी मामलों पर ध्यान दें जिन्हें आप लंबे समय से नजरअंदाज करते आ रहे हैं। प्रेम जीवन में आनंद आएगा। प्रियतम आपकी भावनाओं की पूरी कद्र करेगा। जीवनसाथी के साथ रिश्ते में मधुरता आएगी। दोनों साथ में किसी महत्वपूर्ण कार्य को अंजाम दे सकते हैं।

वृश्चिक: आपके प्रेम में अलौकिक शक्ति है जो आपके जीवन को रोशन कर देगी। आप स्वयं अपने रिश्तों में नयापन ला सकते हैं इसलिए दूसरों पर विश्वास न करें। जो लोग गृहस्थ जीवन में हैं उनकी अलग तरह की प्राथमिकता होगी। जीवनसाथी की सेहत को लेकर थोड़े चिंतित दिखाई देंगे। प्यारभरी बातें होंगी। आप अपने रिश्ते को खुलकर एंजॉय करेंगे।

धनु: आज का दिन आपके लिए बेहतरीन है और इसमें कई ऐसे पल आएंगे जो आपको उत्साहित कर देंगे। ध्यान रहे, आने वाले कुछ दिनों तक अपने रोमांटिक जीवन से संबंधित कोई भी महत्वपूर्ण फैसला लेने से बचे। रिश्ते में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। प्रेम जीवन के लिए दिन आनंदपूर्ण बीतेगा। रिश्ते को लेकर आप गंभीर दिखाई देंगे। शादीशुदा जातकों के लिए दिन सामान्य रहेगा।

मकर: रिश्ते में जरूरत पड़े तो डिप्लोमेट होना जरूरी है क्योंकि इससे रिश्ते न केवल जुड़ते हैं बल्कि मजबूत भी होते हैं। दिल के अचानक टूटने से आप निराश होंगे लेकिन आपके आकर्षण से कोई खास आपसे प्रभावित हो सकता है। प्रेम जीवन में साथी का पूरा सहयोग मिलेगा। गृहस्थ जीवन के लिए दिनमान सामान्य है। हालांकि जीवनसाथी आपके परिवार वालों को लेकर कुछ बात कर सकता है।

कुंभ: आज आपकी लालसा अपने प्रियतम के साथ समय बिताने और उन पर पैसे खर्च करने की हो सकती है। किसी खास के लिए उपहार खरीदना उसे आनंदित महसूस करा सकता है। प्रेम जीवन में सुखद नतीजे मिलेंगे। जो लोग दांपत्य जीवन जी रहे हैं उन्हें कुछ गलतफहमी का शिकार होने से बचना होगा तभी जीवन बेहतर तरीके से चलेगा।

मीन: किसी से बातचीत आपके दिल में प्यार के अहसास को जगा सकती है। अपने सोलमेट के प्रति रवैये को सही रखें इससे संबंध गहरा होता है। याद रखें रिश्तों में समझौता जरूरी है लेकिन एक दूसरे के प्रति भरोसा व सम्मान बेहद महत्वपूर्ण है। शादीशुदा जीवन के लिए दिन सामान्य और प्रेम जीवन के लिए आनंद भरा रहेगा। साथी के साथ प्रगाढ़ संबंध स्थापित होंगे।

## संक्षेप

### आज पण्डालों में विराजेंगे भगवान गणपति, तैयारियां पूरी

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। विघ्नहर्ता भगवान गणेश पूजा महोत्सव के लिए जनपद में विभिन्न स्थानों में तैयारियां अंतिम चरणों में है।आज विभिन्न पूजा स्थलों पर गणेश जी की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। गणेश पूजा महोत्सव को हर्षोल्लास पूर्ण वातावरण में मनाने के लिए गणेश पूजा समितियों ने अपनी ताकत झोंक दी है।इसी क्रम में शहर के गायत्रीनगर काजीकटरा में मक्केश्वर महादेव मन्दिर के पूजा स्थल पर श्रीपालकी गणेश पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया है। श्रीपालकी गणेश पूजा महोत्सव के मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव ने बताया कि आज 18 सितम्बर को विघ्नहर्ता भगवान गणेश जी की भव्य एवं दिव्य प्रतिमा की स्थापना की जाएगी। प्रतिदिन सुबह एवं सांय ढोल,नगाड़ो एवं शंखध्वनि में भगवान गणेश की आरती उतारी जाएगी। उन्होंने बताया कि आगामी 23 सितम्बर को विशाल भंडारा,26 सितम्बर को महाआरती एवं भव्य श्रृंगार किया जाएगा तथा 28 सितम्बर गुरुवार को प्रतिमा विसर्जन विशाल पालकी शोभायात्रा के साथ झिंगहाघाट में किया जाएगा। उन्होंने शहर वासियों से अधिक से अधिक संख्या में भगवान गणेश के दरबार मे पहुंचने का निवेदन किया। वहीं बशीरगंज स्थित बहराइच के राजा पूजा स्थल,गुदड़ी पूजा स्थल एवं ब्राह्मणीपुरा गणेश पूजा स्थल पर तैयारियां जोर शोरो से चल रही है। समिति के पदाधिकारी महोत्सव में पहुंचने के लिए निवेदन करते देखे जा रहे है।

### हादसाः नदी में डूबकर बालक की हुई मौत

कैसरगंज, बहराइच। थाना फखरपुर क्षेत्र के अंतर्गत रुकनापुर स्थित भकला गांधी घाट पर झुंगरी नदी में डूबने से बालक की मौत हो गई। मंगल यादव पुत्र झुर्रा यादव निवासी कुंडासर थाना फखरपुर के पुत्र मुकेश यादव उम्र 17 वर्ष दिन शनिवार को शाम के समय बैरीसालपुर गया हुआ था। देर शाम घर न लौटने पर परिवार वालों ने खोजबीन शुरू कर दी। रुकनापुर स्थित गांधी घाट झुंगरी नदी पर लड़के की साइकिल मिली।नदी का तेज बहाव होने से बालक का नदी डूबने की आशंका होने पर गोताखोरों की मदद से नदी में देर रात तक ढूंढने का प्रयास किया गया। सुबह दिन रविवार को बालक का शव पानी में तैरता नजर आया।गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला गया।परिवार वालों में हड़कंप मच गया। मौके पर थाना फखरपुर की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### सुल्तानपुर में बढ़ा गोमती का जल स्तर

सुलतानपुर, सुल्तानपुर में चार-पांच दिनों में काफी बरसात हुई।इससे गोमती नदी का जल स्तर बढ़ गया। किसानों की फसल जलमग्न होना शुरू हो गई।कुड़वार ब्लॉक के आधा दर्जन से अधिक गांवों में किसानों की सैकड़ों बीघा फसल पानी से बर्बाद हो गई है। ब्लॉक प्रमुख से लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि व अधिकारी सुनने और देखने को तैयार नहीं हैं।

# कमिश्नर-डीएम ने रामपथ और भक्तिपथ का निरीक्षण किया

**भक्तिपथ का काम तेज करने का निर्देश, जन्मभूमि पथ में कैनैपी पैर्टन के अनुसार लगाने को कहा**

अमन लेखनी समाचार



अयोध्या, मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने जिलाधिकारी नितीश कुमार के साथ निमार्णाधीन जन्मभूमि पथ, भक्ति पथ व राम पथ का निरीक्षण किया।दोनों अधिकारियों ने जन्मभूमि पथ में कार्यदाई संस्था यूपी आरएनएन द्वारा बनायी जा रही कैनेपी का निरीक्षण किया तथा निर्देश दिया कि कैनेपी का कार्य तीव्र गति से पूर्ण गुणवत्ता से करते हुए इसके निर्माण में जो पथ के पत्थरों को डिसमेंटल किया गया है उन पत्थरों को उसी पैटर्न के अनुसार लगाने की व्यवस्था ली जाय। अगले चरण में निमार्णाधीन भक्ति पथ का निरीक्षण किया गया तथा कार्यदाई संस्था को तीव्र गति से कार्य करने के निर्देश दिये। इसके अलावा आसपास के अन्य क्षेत्रों में श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए चयनित स्थलों व अन्य निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान कार्यदाई संस्था के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। रामकथा संकुल में ऑडिटोरियम तथा तुलसी उद्यान पार्क आदि के व्यवसायिक संचालन के निर्देश इससे पहले बुधवार अयोध्या संरक्षण एवं विकास निधि समिति की बैठक मण्डलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में अयोध्या विकास प्राधिकरण के सभागार में आयोजित की गयी। सर्वप्रथम समिति द्वारा पूर्व की बैठक अनुपालन आख्या की बिन्दुवार समीक्षा की गई।

मंडलायुक्त/अध्यक्ष ने कहा कि जिन कार्यो के लिए समिति के द्वारा धनराशि का भुगतान किया जा चुका है उन कार्यो का सत्यापन कर लिया जाय। उन्होंने कहा कि समिति द्वारा भजन संध्या स्थल रामकथा संकुल में ऑडिटोरियम (मुक्ता काशी प्रेक्षागृह), अयोध्या स्थित तुलसी उद्यान पार्क आदि के व्यवसायिक संचालन, अयोध्या संरक्षण एवं विकास समिति के माध्यम से किये जाने आदि की प्रक्रियाओं पर चर्चा की गयी।

# नगर मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न



अमन लेखनी समाचार

बहराइच।जिले के भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु शनिवार को शाम कलेक्ट्रेट में आयोजित जिला सैनिक बन्धु समिति बैठक की अध्यक्षता करते हुए नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि भूतपूर्व सैनिकों की जो भी समस्याएं हैं उनका समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाय। निस्तारण करते समय इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाये कि पूर्व सैनिक अथवा उनका परिवार कार्यवाही से संतुष्ट हों। नगर मजिस्ट्रेट ने पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को सुझाव दिया कि अपनी समस्याओं को लिखित रूप में अवगत करा दें ताकि उनका समाधान कराया जा सके।इस अवसर पर लीड बैंक प्रबन्धक डॉ. जितेन्द्र नाथ श्रीवास्तव, एनसीसी के एन.ओ. पंकज सिंह व अन्य अधिकारी, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी के प्रतिनिधि वरिष्ठ सहायक भानु प्रताप गुप्त सहित पूर्व सैनिक तथा सैनिकों के आश्रित मौजूद रहे।

# पुरानी पेंशन बहाली तक संघर्ष जारी रहेगाः विजय बंधु

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। अटेवा पुरानी पेंशन बहाली मंच के तत्वावधान में 17 सितम्बर को महाराज सिंह इण्टर कॉलेज बहराइच में मण्डलीय महासम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि एनएमओपीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष व अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु व विशिष्ट अतिथि प्रदेश महामंत्री अटेवा नीरज पति त्रिपाठी रहें। मंडलीय महा सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए विजय कुमार बंधु ने अपने कहा कि अटेवा की लड़ाई पेंशन बहाली तक चलती रहेगी।हमने वोट की चोट से पांच राज्यों में पुरानी पेंशन बहाल कराई है।जबकि मेरा संघर्ष समूचे देश में वोट की चोट द्वारा पेंशन बहाल कराई जाएगी जो सरकार पेंशन देगी अटेवा उसी का समर्थन करेगा साथ ही 1 अक्टूबर को दिल्ली में प्रस्तावित कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की।मण्डलीय सम्मेलन में मुख्य रूप से मंडलीय पर्यवेक्षक अभिनव सिंह राजपूत,मंडलीय सलाहकार राकेश रमन,मंडलीय अध्यक्ष मनीष शर्मा,मंडलीय मंत्री गौरव पांडे के अतिरिक्त जनपद बहराइच के जिला संयोजक संदीप वर्मा,जिला महामंत्री राकेश कुमार मौर्य, रसाल रघुवंशी,जिला सहसंयोजक प्रदीप वर्मा,अमन कुमार, प्रदीप कुमार पांडे,गोंडा जिला संयोजक अमर यादव, श्रावस्ती संयोजक स्वप्निल पांडे, बलरामपुर संयोजक अनुराग रस्तोगी, सुग्रीव वर्मा, बिपिन सिंह, वैभव सिंह विशेन, जीतेन्द्र शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बाल अधिकार आयोग के अध्यक्ष ने कोविड पीड़ित परिवारों से की शिष्टाचार भेंट

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। उ.प्र. राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष एवं दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री डॉ. देवेन्द्र शर्मा ने दो दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान शनिवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड) अन्तर्गत लाभान्वित परिवारों से भेंट कर उनका कुशलक्षेम पूछते हुए कहा कि बच्चों को शिक्षित करें। लाभार्थी परिवारों से भेंट के दौरान डॉ. शर्मा ने मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिया कि लाभार्थी परिवारों को उनकी शैक्षिक योग्यता एवं पात्रता के अनुसार विभागीय योजनाओं को लाभान्वित करने में प्राथमिकता प्रदान की जाए। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी अवधेश कुमार मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एस.के. सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज कमलेश कुमार सिंह, पीडी डीआरडीए राज कुमार, डीआईओएस नरेन्द्र देव पाण्डेय, डी.पी.ओ. राजकपूर, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर गुप्त, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्रा, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी बी.पी. सत्यार्थी, सहायक श्रमायुक्त सिद्धार्थ मोदियानी, डीपीआरओ राघवेन्द्र द्विवेदी, एआरटीओ प्रशासन राजीव कुमार, अधि.अधि. न.पा.परिषद बहराइच प्रमिता सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# विश्वकर्मा जयन्ती के उपलक्ष्य में 12 लाभार्थियों को प्रदान किये गये ऋृण स्वीकृति पत्र




### 30 लाभार्थियों को बांटे गये टूलकिट

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। विश्वकर्मा जयन्ती के उपलक्ष्य में शनिवार को लखनऊ स्थित लोकभवन सभागार में मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना अन्तर्गत टूल किट वितरण एवं रू. 50 हजार करोड़ धनराशि के मेगा ऋृण वितरण समारोह का विकास भवन सभागार में सजीव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी व विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी ने मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना के साथ सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम सेक्टर के 12 लाभार्थियों 122.67 लाख धनराशि के ऋृण स्वीकृति प्रमाण-पत्र एवं डैमो चेक का वितरण किया गया। इसके अलावा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत 30 लाभार्थियों को टूल किट (चाक) का वितरण किया गया। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव सिसोदिया, सी.एम.एस. डॉ. एम.एम.एम. पाण्डेय, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, उपायुक्त उद्योग केशव राम वर्मा, लीड बैंक पबन्धक डॉ. जितेन्द्र नाथ श्रीवास्तव व अन्य अधिकारी, योजनाओं के लाभार्थी, उद्यमी एवं व्यापारी मौजूद रहे।

# मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम की सफलता हेतु प्रमुख ने एकत्र किया अक्षत और मिट्टी

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। देश के प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर एवम शीर्ष नेतृत्व के निदेर्शानुसार मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अन्तर्गत रविवार को ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज जयप्रकाश सिंह नवाबगंज विकासखंड के ग्राम पंचायत चनैनी में पहुंचे और लोगों के घरों से मिट्टी और चावल एकत्रित किया और लोगों को बताया कि यह अभियान अमृत महोत्सव के समापन समारोह के उपलक्ष्य में रखा गया है।जिसका मुख्य उद्देश्य स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करना है। इस अभियान के तहत 7500 कलशों से मिट्टी लाई जायेगी और दिल्ली के कर्तव्य पथ पर अमृत वाटिका में लगाई जायेगी।प्रधान मंत्री की मंशा स्पष्ट है कि किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं होगा।ये जो मिट्टी आप अपने घरों से दे रहे हैं यह हमारी एकता और अखंडता का प्रतीक है। कार्यक्रम में प्रमुख के साथ एस पी सिंह, रिंकू सिंह, राजेश सिंह, हर्षित, शेर खां, विकास, दस्तगीर, दुर्गेश वर्मा, रामनिवास वर्मा, मुन्नी लाल कश्यप, स्वामिदयाल सरोज सहित ग्राम पंचायत प्रधान, सचिव एवम ग्रामवासी मौजूद रहे।

# सुलतानपुर में हिस्ट्रीशीटर बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

**पुलिस की जवाबी कार्रवाई में पैर में लगी गोली, लूट की वारदात को देने जा रहा था अंजाम**

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, सुलतानपुर में हलियापुर पुलिस ने बीती देर रात मुठभेड़ के दौरान एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश को गिरफ्तार किया है।पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी है। उसे इलाज के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। वहीं अंधेरे का फायदा उठाकर उसका एक साथी मौके से फरार हो गया।पुलिस उसकी तलाश कर रही है। अपर पुलिस अधीक्षक विपुल श्रीवास्तव के अनुसार हलियापुर थाना क्षेत्र के पिपरी गांव निवासी राहुल विश्वकर्मा स्थानीय थाने का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है।उन्होंने बताया कि पुलिस टीम को सूचना मिली कि राहुल किसी लूट की घटना को अंजाम देने के लिए थाना क्षेत्र के आमघाट पुल पर अपने साथी के साथ मौजूद है। समय रहते अगर वहां पहुंचा जाए, तो उसे पकड़ा जा सकता है।इस सूचना पर हलियापुर पुलिस मौके पर पहुंचकर चारों ओर से घेराबंदी कर बदमाश को पकड़ना चाहा।जिस पर उसने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। बचाव में पुलिस ने भी गोलियां दागी, जो बदमाश के दाहिने पैर में लगने से वह गिर पड़ा। जिससे पुलिस ने उसे पकड़ लिया।इस बीच उसके साथ मौजूद बदमाश राम बहादुर निषाद निवासी पूरे जबर नारा अढनपुर कोतवाली मुसाफिरखाना अंधेरे का लाभ लेकर फरार हो गया है। उसकी तलाश जारी है। एएसपी ने बताया कि बदमाश राहुल को इलाज के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज लाया गया है।उन्होंने बताया कि पकड़े गए बदमाश पर लगभग 18 मुकदमे दर्ज हैं। वो हत्या जैसे संगीन मामलों में भी निरुद्ध है।जगदीशपुर, बल्दीराय क्षेत्र में उसका काफी आतंक है।उसके पास से एक तमंचा 315 बोर एक जिंदा कारतूस व एक खोखा बरामद हुआ है।

# अवध विवि में छात्र-छात्राओं के लिए प्री प्लेसमेंट ट्रेनिंग

- छात्राओं में सॉफ्ट स्किल विकसित करने का दिया जा रहा प्रशिक्षण

अमन लेखनी समाचार



अयोध्या, डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के तकनीकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान में प्लेसमेंट एंड सॉफ्ट स्किल्स डेवलपमेंट सेल द्वारा बीटेक के कंप्यूटर साइंस और इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी के छात्र छात्राओं के लिए एक सात दिवसीय प्री प्लेसमेंट ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य ट्रेनर अतुल पाण्डेय, कैंपस रिक्रूटमेंट ट्रेनर्स एण्ड हेड कॉरपोरेट रिलेशन्स एंड एकेडेमिक्स इनोवेशन, प्रयागराज रहे। उन्होंने छात्र छात्राओं को रिज्यूम बिल्डिंग, पर्सनॅलिटी डेवलपमेंट, ड्रेसिंग सेंस, सॉफ्ट स्किल्स, लीडरशिप स्किल्स, कम्युनिकेशन स्किल्स, कम्पनी एटिकेट्स, टीम वर्क एवं वर्क एथिक्स के बारे में बताया। विश्वविद्यालय की प्लेसमेन्ट एन्ड सॉफ्ट स्किल्स सेल की निदेशक डॉ0 गीतिका श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय के प्लेसमेन्ट सेल की गतिविधियों के बारे में सभी को संक्षिप्त रूप में परिचित कराया। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय की कुलपति के निर्देशन में प्लेसमेंट सेल में लगातार सभी विभागों के छात्र छात्राओं में सॉफ्ट स्किल विकसित करने हेतु ट्रेनिंग कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।प्लेसमेन्ट हेतु विभिन्न कंपनियों को कैंपस सेलेक्शन हेतु आमंत्रित किया जाता है जिससे छात्रों को रोजगार सुलभ हो रहा है। विश्वविद्यालय के तकनीकी एवं प्रौधोगिकी संस्थान के निदेशक प्रो0 एस0 एस0 मिश्रा ने संस्थान के छात्र छात्राओं को ट्रेनिंग के महत्त्व को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि ट्रेन्ड होने के बाद ही आप किसी अच्छे आगेर्नाईजेशन से जुड़ कर अपनी सेवाएं दे सकते हैं।

# चोरी की योजना बनाते तीन शातिर चोरों को मोतीपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार




अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच।मोतीपुर पुलिस ने तीन अभियुक्तों को चोरी की योजना बनाते हुए गिरफ्तार किया।उनके पास से चोरी करने के उपकरण चाकू आदि बरामद हुए हैं।प्रभारी निरीक्षक मोतीपुर श्रीधर पाठक ने बताया चोरी की योजना बनाते तीन अभियुक्त गिरफ्तार हुए हैं जिन्हें न्यायालय के समक्ष भेजा गया है।थाना मोतीपुर के गायघाट क्षेत्र में चोरियों को अंजाम देने वाले तीन शातिर चोरों को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चोरी की योजना बनाते हुए गिरफ्तार किया है जिन्हें जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान हफीज पुत्र रफीक ,बल्ला पुत्र छोटे ,फिरोज पुत्र मोबीन निवासीगण रानीपुर बंगला गायघाट थाना मोतीपुर के रूप में हुई।गिरफ्तारी करने वाली टीम में उ0नि0 सुरेशचन्द्र गिरी,उ0नि0 पदुमनाथ सिंह ,कां0 गौरव गौड़ ,का0 जितेन्द्र गुप्ता शामिल रहे।

# अम्बेडकरनगर में सीएम ने ट्रामा विंग का किया था लोकार्पण

- 84 दिन बाद भी नहीं शुरू हो सका ट्रामा विंग का संचालन, मैन पावर की कमी

अमन लेखनी समाचार



अम्बेडकरनगर, अम्बेडकरनगर के जिला अस्पताल में बनकर तैयार ट्रामा विंग का मुख्यमंत्री के लोकार्पण के 84 दिन बाद भी संचालित नहीं सका। संचालन न होने का कारण मैन पावर की कमी बताया जा रहा है। जिले के लोगों को बेहतर इलाज मिल सके। इसके लिए वर्ष-2020 में शासन ने जिला अस्पताल परिसर में ट्रॉमा विंग के निर्माण को मंजूरी प्रदान की थी।जो करीब 6 महीने पहले से बन कर तैयार है।लेकिन अभी न तो इसमें डॉक्टर की तैनाती हो सकी और न अन्य स्टाफ की। एक्सीडेंट तथा गम्भीर मरीजों के इलाज के लिए सुविधा न होने पर मरीजों को इलाज के लिए लखनऊ तथा अन्य जगहों पर ट्रामा सेंटर में भेजा जाता है। कई बार देखा जाता है कि गम्भीर मरीज इलाज न होने पर रास्ते मे दम तोड़ देते है। इसको देखते हुए एवं मरीजों को बेहतर इलाज मिल सके। इसके लिए वर्ष 2020 में शासन ने जिला अस्पताल परिसर में ट्रॉमा सेंटर के निर्माण को मंजूरी दिया।एक करोड़ 19 लाख 42 हजार रुपये की लागत से बने ट्रॉमा सेंटर के निर्माण की जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था पैक्सफेड को सौंपी गई थी। निर्माण में गतिरोध न आए। इसके लिए पहले 19 लाख रुपये फिर 90 लाख रुपये कार्यदायी संस्था को उपलब्ध करा दिए गए। कार्यदायी संस्था द्वारा ट्रामा सेंटर का निर्माण कराकर करीब 6 महीने पहले विभाग को हैंड ओवर कर दिया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 20 जून 2023 को जिले के लोगों के लिए अरबों की योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्याय किया था। इसमें ट्रामा विंग का भी लोकार्पण किया था।लेकिन लोकार्पण के 84 दिन बीत जाने के बाद भी ट्रामा विंग का संचालन नही हो सका।

# संक्षेप

## पुलिस लाकप से भाग रहा अपहरण का अभियुक्त राहगीर से टकराया, गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा पुलिस रविवार दोपहर 12 बजे के करीब उस भौचचक रह गयी।जब पुलिस लाकप बन्द अपहरण का अभियुक्त शौच करने के बहाने भाग गया इस दौरान पुलिस कर्मियों के हाथपांव फूलने लगे।भागते समय वह फोरलेन पर एक राहगीर से टकराकर गिर गया। तक जाकर पुलिस उसे कब्जे में ले पायी। मिली जानकारी से सहजनवा थाना क्षेत्र के हरदी निवासी डीएन मौर्य पुत्र राजदेव मौर्य ने बनकटिया निवासी एक किशोरी को बहला फुसला कर भगा ले गया था। पुलिस आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश कर रही थी। रविवार को पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और जीडी में दर्ज कर लाकप में डाल दिया था। दोपहर 12 बजे के करीब अभियुक्त ने शौच करने का बहाना बनाया। गार्ड लाकप से निकाला। और लगे वाटर कूलर पर पानी पीने लगा। उसी दौरान गार्ड की नजर भटक गयी। मौका देख थाना परिसर से तेजी से भागा। अभियुक्त को भागता देख परिसर में खड़े पुलिस कर्मी पकड़ने के लिए दौड़ा लिये। तब तक वह फोरलेन पार कर चुका था। उसी दौरान वह एक राहगीर से टकरा कर गिर गया।इसके बाद पुलिस कर्मी उसे पकड़ कर थाने लाये और जम कर खातिरदारी कर लाकप में डाल दिया।

## बिहार जा रहा गौतस्कर मुठभेड़ में हुआ गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के कुशल नेतृत्व में जनपद के थरियांव थाना पुलिस प्रशासन तथा एसओजी टीम के द्वारा संयुक्त रूप से एक सराहनीय कार्य किया गया मुखबिर द्वारा मिली जानकारी के अनुसार गौ तस्कर बांगरमऊ उन्नाव से कानपुर के रास्ते गोवंश लादकर बिहार प्रांत जा रहे थे वहीं प्रयागराज कानपुर हाईवे के समीप प्रशासनिक टीम ने मुखबिर की निशानदेही पर एकारी मोड़ के समीप घेराबंदी करते हुए एक कंटेनर को रोक लिया कंटेनर में पांच लोग सवार थे जो गाड़ी छोड़कर जंगल की ओर भाग गए प्रशासन ने बदमाशों का पीछा किया वही प्रति उत्तर में बदमाशों ने फायरिंग प्रारंभ कर दी दोनों तरफ से ताबड़तोड़ गोलियां चली जहां एक बदमाश के पैर में गोली लगी बाकी तीन बदमाश भागने में सफल हो गए पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह द्वारा मिली जानकारी के अनुसार घायल बदमाश का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है वहीं अन्य आरोपियों की खोजबीन जारी है

## मेरठ में चोरों ने बनाया मकान को निशाना

मेरठ, मेरठ कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला भाटवाडा में अज्ञात चोर ने बंद मकान से नकटी सहित लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवर चोरी कर लिए चोरी करने के दौरान चोर निकट ही लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। बड़ी बात रही की थाने से मात्र चंद्र कदम की दूरी पर चोर चोरी की घटना को अंजाम देने में सफल हो गया।

# रंगारांग कार्यक्रमों के साथ,प्रगति पत्र व पुरुस्कार वितरण सम्पन्न

**प्ररिश्रम कभी बेकार नहीं जाती– प्रो. ओपी सिंह**

**सफलता का कोई छोटा रास्ता नही होता – ई. प्रदीप कुमार**

**बाला जी एकेडमी के विद्यार्थियों में गजब की प्रतिभा– डा प्रशान्त**

अमन लेखनी समाचार




गोरखपुर। बालाजी एकेडमी ( पैरा मेडिकल एंड आई टी ) द्वारा अपनी विदाईएलसत्र में होनहार छात्र-छात्राओं के मनमोहन अद्भुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ पुरुस्कार ० प्रगति पत्र वितरण कार्यक्रम का भी आयोजन किया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि में दिग्विजय नाथ पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रसिद्ध शिक्षाविद प्रोफेसर ओमप्रकाश सिंह द्वारा इस मनमोहन कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा की साथ ही साथ उठो जागो जागृत हो का पाठ पढ़ाया और सभी विद्यार्थियों से अपील की खुब खेलें और खूब अपने आप को परिश्रम सील बनाएं और अपने एकेडमी, परिवार,राष्ट्र का खूब नाम रोशन करें इसी क्रम में विशिष्ठ अतिथि एन ई रेलवे, सिंगनल एंड टेलीकॉम ट्रेनिग स्कूल के प्रिंसिपल ई प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ,जिला अस्पताल के नोडल ऑफिसर प्रशांत अस्थाना, प्रसिद्ध चिकित्सक मेजर डा.अमित श्रीवास्तवने , प्रख्यात एम डी डा. पी के श्रीवास्तव, सामाजिक कार्यकर्ता मंजीत कुमार (बाबु),श्री गिरधारी जी प्रबंधक ०प्रसिद्ध उद्यमी ई संजीत कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि इस संस्था के बच्चों के हाव भाव से देखकर यह अनुमान पता लगाया जा सकता है कि यहां के विद्यार्थियों की शिक्षा उच्च कोटि की है बच्चों से आग्रह किया कि आप सभी खूब अच्छी तरह से पढ़ो खूब तपो, इतना तपो की सोना हो जाओ, आप सभी एकैडमी का खूब नाम रोशन व उज्जवल करो बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम में सभी का दिल जीत लिया है।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एकेडमी के निदेशक शरत चंद्र त्रिपाठी ने इस अवसर पर प्रोफेसर ओमप्रकाश सिंह,ई प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ,जिला अस्पताल के नोडल ऑफिसर प्रशांत अस्थाना, प्रसिद्ध चिकित्सक मेजर डा.अमित श्रीवास्तवने , प्रख्यात एमडी डा. पी के श्रीवास्तव, सामाजिक कार्यकर्ता मंजीत कुमार (बाबु),श्री गिरधारी जी प्रबंधक , रेलवे एक्टिविस्ट इंजीनियर रंजीत कुमार जी को अपने हाथों से सम्मानित किया कार्यक्रम का शुभारंभ आगंतुक अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र के समीप दीप प्रज्वलन किया। सरस्वती वंदना से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आगाज हुआ कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था के शाखा प्रमुख अविनाश श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुनील, देविका राज, प्राची, अनामिका राज, अवंतिका गुप्ता ,प्रशांत ,इशिका दीक्षा, श्वेता ,प्रगति, सलोनी ,अमन मौर्य, अलीशा, अंजलि ,लता ,जितेंद्र जी आदि के अद्भुत प्रतिभा को ने सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र छात्राओं में प्रगति पत्र ० पुरुस्कार वितरित किया गया। इस अवसर पर शहर के गणमान्य लोगों के साथ-साथ भारी संख्या में विद्यार्थी वर्ग और कर्मचारी गण उपस्थित थे।

## जुट मिल कर्मियों को सख्त चेतावनी शांति से करे धरना

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा स्थित के गहासाड दी महावीर जुट मिल में वेतन कटौती को लेकर सोमवार को शुरू होने जा रहे धरने को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सख्त है। सोमवार को गीडा सेक्टर 26 में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए। सहजनवा थाने में श्रमिक नेता शिवदास यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल पहुचा। जहाँ पर पहले से ही एसओ गीडा रत्नेश पांडेय तथा एसओ सहजनवा इत्यानन्द पांडेय मौजूद थे। श्रमिक नेताओ को मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी गयी। और चेतावनी दी गयी कि जो भी धरना देना है। जुट मिल परिसर में ही किया जाय। सीएम के कार्यक्रम में बांधा पहुचाने पर प्रशासन सख्ती से निपटेगा। श्रमिक नेताओ ने कहा कि जो भी धरना होगा जुट मिल परिसर में होगा। सीएम के कार्यक्रम से कोई भी मतलब नही होगा। दोनो एसओ ने आश्वासन दिया कि धरना स्थल पर पुलिस कर्मी मौजूद रहेंगे। जो श्रमिको की मदद करेंगे।

## पीएम मोदी की लंबी उम्र के लिए प्रार्थना की गई

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पिपरोली क्षेत्र स्थित के ग्राम सभा खानिमपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 73 वें जन्मदिन पर पिपरौली मंडल भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष नन्हें सिंह के नेतृत्व में जन्मदिन मनाते हुए पीएम के दीघार्यु की कामना की गई।इस दौरान कार्यकताओं द्वारा पीएम आवास योजना, पीएम स्वनिधि योजना, पीएम आयुष्मान योजना के लाभार्थियों के साथ संवाद भी किया गया। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष नन्हें सिंह ने कहा कि सभी लोगों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की दीघार्यु की कामना की गई। जिससे वह राष्ट्र और समाज की सेवा प्रधान सेवक के रूप में हमेशा करते रहें। आगे सिंह ने बताया कि जी 20 सम्मेलन, चंद्रयान की सफलता और इनकी वैश्विक रणनीति पूरी दुनिया में भारत को सबसे आगे ले जाती है। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष धर्मराज गौड़, जिला कार्यालय मंत्री जनार्दन श्रीवास्तव, विपिन सिंह, हरीराम शर्मा, मनीष गुप्ता, अंकुर गुप्ता सहित कई लोग मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर गोलघर काली मंदिर पर हुआ पूजन व मिठाई फल वितरण



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर आज गोलघर काली मंदिर पर माँ काली का विधिवत पूजन कर प्रधानमंत्री के दीर्धय आयु के लिए प्रार्थना किया गया ।माँ काली की आरती भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता व पूर्व उपसभापति स्थानीय पार्षद मनु जायसवाल ने किया पूजन समाप्त होने के पश्चात लाभार्थी के बीच एक दूसरे को मिठाई खिला बधाई दी गई साथ ही मंदिर बाहर असहाय लोगों में फल वितरण किया गया, इस अवसर पर महानगर उपाध्यक्ष शशिकांत सिंह, महानगर मंत्री अजय श्रीवास्तव, मण्डल अध्यक्ष सिद्धांतो घोष, दीवाकर सैनी, सेक्टर संयोजक राजेश गौड़, वार्ड अध्यक्ष जय कुमार गुप्ता, बूथ अध्यक्ष सूरज मिश्रा, बूथ अध्यक्ष श्री शशांक कुमार सहित वार्ड के लाभार्थी व स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के73 वे जन्मदिन पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने बांटी मिठाई



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां विधानसभा सहजनवां (मंण्डल उनवल)के नगर पंचायत उनवल वार्ड नम्बर तीन टेकवार में स्थित झारखण्डेश्वर मन्दीर पर आज 17सितम्बर सन2023 को प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के 73वें जन्मदिवस के अवसर पर उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घआयु के लिये पूर्व सभासद संतोष राम त्रिपाठी एवं आई टी सेल के जिला संयोजक इंद्रकुमार निगम के नेतृत्व में पूजा-अर्चना कर मिठाईया बांटी गयी ।इस अवस पर भाजपा बुथ अध्यक्ष राजन तिवारी, जोगिंदर साहनी, मनोज निगम ग्राम प्रधान परसौनी रामस्वरूप निषाद, सुनील कुमार, विजय, सुनील तिवारी, अश्वनी गुप्ता, रामकुमार निगम, उपस्थित रहें।

## आयुष्मान भवः मेले का नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित के नगर पंचायत घघसरा अध्यक्ष प्रभाकर दुबे ने रविवार को घघसरा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठरापार में आयुष्मान भव मेले का शुभारंभ फीता काट कर किया ।कार्यक्रम में उनके अतिरिक्त, मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर आशुतोष दुबे व स्वास्थ्य कार्यकर्ता मौजूद थे। सभा को सम्बोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभाकर दुबे ने कहा कि-भारत सरकार की आयुष्मान भव योजना गरीबों, मजदूरों,किसानों के लिए मील का पत्थर साबित हो रही है । इससे उन्हें 5 लाख रुपए की सरकारी खर्चे पर निः शुल्क दवा मिल रही हैं। सामान्य वर्ग के लिए एक बहुत बड़ी राहत की रकम है । आयुष्मान कार्ड बनवाने में सभी लोग उत्सुकता दिखाएं जिससे अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित किया जा सके। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर आशुतोष दुबे ने कहा कि-आयुष्मान योजना के अंतर्गत लाभ लेने में यदि कोई असुविधा आती है, तो उसके तत्काल दूर किया जाएगा। योजना के बारे में जानकारी देने के लिए हमारे स्वास्थ्य कार्यकर्ता उनके बीच पहुंच रहे हैं। आयुष्मान भवः मेले में सैकड़ों मरीजों की जांच व उन्हें निः शुल्क दवा दी गई । इसके उपरांत सीएमओ द्वारा दवा वितरण कक्ष,ओपीडी, अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया गया। व्यवस्था चाक-चौबंद देखकर राहत की सांस ली । उक्त अवसर पर अधीक्षक डा सतीश सिंह,डा.राजन यादव,डा.प्रमोद,हेमन्त पांडेय,अभिनव सिंह,विनय पाण्डेय,चन्द्रसेन पाठक,जेके यादव,स्टाफ नर्स संगीता,क्षमा मिश्रा,अंजनी ,झक्करूल्लाह,रवि राज, अमरेन्द्र राज, संगीता,क्षमा मिश्रा समेत कई लोग मौजूद थे।

## अनुदेशकों ने बीएसए के आदेश को किया दरकिनार

**जनपद के 90 फीसदी अनुदेशक एक पखवाड़ा बीत जाने के बाद भी नहीं पहुंचे विद्यालय**

अमन लेखनी समाचार




फतेहपुर। जनपद के बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव ने जनपद का कार्यभार संभालते हुए कुछ ही दिनों में संपूर्ण जनपद को उच्च शिक्षा की कसौटी पर कसने का सार्थक प्रयास किया परंतु तेज तर्रार बेसिक शिक्षा अधिकारी के आदेश को विद्यालयों में कार्यरत अंशकालिक अनुदेशकों ने ठंडा बस्ते में डालने का प्रयास किया जिससे साफ जाहिर होता है की उच्च अधिकारियों का ऐसे शिक्षकों के ऊपर किसी भी प्रकार का कोई शासन लागू नहीं हुआ हाल ही में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव ने विगत 6 सितंबर को जनपद के विभिन्न विकास खण्डों से लगभग 15 अंशकालिक अनुदेशकों का स्थानांतरण करते हुए 3 दिन के अंदर नवीन विद्यालय में तैनाती का आदेश दिया परंतु संपूर्ण आदेश को ठंडे बस्ते में डालते हुए 90 फीसदी अनुदेशक 12 दिन बाद भी अभी तक विद्यालय नहीं पहुंचे मिली जानकारी के अनुसार जनपद के विजयीपुर विकासखंड के अलग-अलग विद्यालयों के 4 तेलियानी के 3 असोथर के 2 अंशकालिक अनुदेशकों के साथ-साथ अमौली विकासखंड के सबसे ज्यादा 6 अंशकालिक अनुदेशकों का स्थानांतरण किया गया परंतु विभिन्न विकास खण्डों के साथ-साथ अमौली विकासखंड के भी लगभग सभी विद्यालयों में जानकारी ली गई जहां केवल 10 फीसदी अंशकालिक अनुदेशक अपनी नवीन तैनाती पर पहुंचे एक शिक्षक की कमी होने पर विद्यालय में शिक्षा पर काफी असर पड़ता है ऐसे५ लापरवाह शिक्षक जिन्होंने अपने उच्च अधिकारी को भी ठंडे बस्ते में डालने का प्रयास किया निश्चित रूप से दंड के भागीदार हैं फिलहाल विभागीय अधिकारियों ने ऐसे अंशकालिक अनुदेशकों के ऊपर भी रहमों करम बना रखा है

## धूमधाम से मनाया गया शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा पूजा दिवस

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। रविवार को कौड़ीराम सहित बांसगांव परिश्रेत्र में बिभिन्न जगहों पर ब्रह्म के सातवें पुत्र संसार के पहले शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा का जन्मदिवस बड़े ही श्रद्धा पूर्वक धूमधाम से मनाया गया। कौड़ीराम के बिभिन्न आटो, साईकिल, बाईक एजेंसियां, ट्रैक्टर्स एजेंसियां, आटो मोटर्स की लगभग सभी दुकानों पर विश्वकर्मा पूजा दिवस मनाया गया। नगर पंचायत कार्यालय बांसगांव में अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय कुमार सिंह बबलू, विद्युत उपकेंद्र बांसगांव पर अपर अभियंता प्रेम कुमार जीतू,पवन सिंह,आनंद सिंह, अजय लाल श्रीवास्तव, प्रधान प्रतिनिधि विकास सिंह , भावेश मिश्रा, सीएचसी बांसगांव, शारदा प्राइवेट आईटीआई कॉलेज सहित नगर के प्रतिष्ठानों राज आई केयर एवं चश्मा घर पर डॉ0 विकास राय, विकास फर्नीचर पर रघुवंश राय, अजीत ऑटोमोबाइल्स पर अजीत सिंह, उमा ऑटोमोबाइल्स पर संजय सिंह, माता दी सर्विस सेंटर पर राजन सिंह, सागर ऑटो सर्विस पर अशोक सिंह के द्वारा भगवान विश्वकर्मा का पूजन अर्चन किया गया। शारदा प्राइवेट आईटीआई कॉलेज पर कॉलेज के छात्रों द्वारा भगवान विश्वकर्मा का पूजा अर्चना किया गया। शास्त्रों के अनुसार विश्वकर्मा जी सृष्टि के पहले शिल्पकार, वास्तुकार और इंजीनियर हैं। धर्म ग्रंथों के अनुसार जब ब्रह्माजी ने सृष्टि की रचना की तो इसके निर्माण कार्य की जिम्मेदारी भगवान विश्वकर्मा को दी ।शास्त्रों के अनुसार भगवान विश्वकर्मा जी को ब्रह्मा जी के सातवें पुत्र के रूप में जाना जाता है।

## स्वास्थ्य विभाग की टीम ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पीपीगंज का किया औचक निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। पीपीगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान एसीएमओ अरुण चौधरी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पीपीगंज के डॉ अमर सोनकर को जरूरी दिशा निर्देश देते हुए कहा मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का आयोजन आमजन तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग का प्रमुख उद्देश्य है। ग्रामीण क्षेत्र के रहने वाले लोगों को मेले का आयोजन कर एक माहौल बनाने के लिए सरकार की योजना है। आम लोगों को समुचित रूप से स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए अस्पताल में सभी व्यवस्थाएं करने तथा मरीजों को जरूरी सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। एटीएम हेल्थ मिशन का निरीक्षण करते हुए लैब असिस्टेंट दिनेश चौरसिया को जरूरी दिशा निर्देश दिए। फार्मासिस्ट रेनू चौहान व प्रशिक्षु फार्मासिस्ट को दवा के रखरखाव व एक्सपायरी पर विशेष ध्यान देने की बात कही। एसीएमओ अरुण कुमार चौधरी ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते साफ-सफाई के कार्य में लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित कर्मचारीयों को गैर हाजिर करते हुए कहा मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। इस दौरान कनिष्क सहायक पुनीत पांडे हरिशंकर शुक्ला लैब असिस्टेंट दिनेश चौरसिया फार्मासिस्ट रेनू चौहान जीतई प्रसाद सहित मरीज उपस्थित थे।

# पूर्व जिला अध्यक्ष समेत भाजपाइयों ने किया जिला अध्यक्ष का स्वागत

**खुशी जाहिर करते हुए समर्थकों ने बाटी मिठाइयां**

अमन लेखनी समाचार /शोभित शुक्ला



फतेहपुर। वर्तमान सरकार में सूबे में बैठी समिति ने फतेहपुर जनपद में एक बार फिर से पिछड़ा वर्ग कार्ड खेलने का प्रयास किया कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र में निरंतर समाज सेवा करते हुए वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता मुखलाल पाल को अलौकिक सफलता हासिल हुई डॉ मुख लाल पाल फतेहपुर जिला अध्यक्ष घोषित हुए यह जानकारी मिलते ही समूचे जनपद में पिछड़ा वर्ग समेत सभी वर्गों के पदाधिकारियों में खुशी की लहर दौड़ गई जानकारी मिलते ही तत्कालीन जिला अध्यक्ष आशीष मिश्रा पूर्व जिला मंत्री साहब सिंह गौतम अमौली मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता के साथ पहुंचे भारी जन सैलाब ने वर्तमान जिला अध्यक्ष को माल्यार्पण कर अंग वस्त्र के साथ सम्मानित किया वही एक दूसरे को मुंह मीठा कराते हुए नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष एवं पूर्व जिला अध्यक्ष ने खुशी जाहिर की वहीं पूर्व जिला मंत्री साहब सिंह गौतम एवं मंडल अध्यक्ष अमौली संतोष गुप्ता समेत सभी लोगों ने नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष मुखलाल पाल के साथ खुशियां बांटी भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पहुंचे सभी पदाधिकारी एवं समर्थकों का नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष ने आभार व्यक्त किया

## विधायक के कैंप कार्यालय में मनाया गया प्रधानमंत्री का जन्मदिन

अमन लेखनी समाचार/निर्मित द्विवेदी

बिंदकी, फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद के बिंदकी कस्बे के बीजेपी कैंप कार्यालय में पीएम मोदी का जन्मदिन रविवार को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस मौके पर जहानाबाद क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के विधायक राजेंद्र सिंह पटेल के अलावा कई भाजपा नेता मौजूद रहे जहां पर सभी भाजपा नेताओं ने पीएम मोदी के चित्र पर माल्यार्पण करके माथे पर तिलक लगाकर लंबी आयु की ईश्वर से प्रार्थना किया इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने व अन्य लोगों ने मिलकर केक काटा एक दूसरे को केक व लड्डू खिलाकर पीएम मोदी के जन्मदिन पर खुशी का इजहार किया वहीं इस मौके पर विधायक राजेंद्र सिंह पटेल सहित सभी लोग बिंदकी कस्बे की मां ज्वाला देवी मंदिर पहुंचकर पीएम मोदी के जन्मदिन पर उनकी लंबी आयु हेतु मां ज्वाला देवी की आरती पूजा किया इस मौके पर भाजपा विधायक राजेंद्र सिंह पटेल के अलावा भाजपा नेता सुतीक्ष्ण सिंह ,राम जी गुप्ता, अतुल द्विवेदी ,बीजेपी नेत्री सोमवती निषाद ,संगीता तिवारी, स्वामी ओमर, भाजपा नेता सत्यम अग्रवाल, प्रवीण दीक्षित, सीताराम कपाड़िया सहित कई लोग मौजूद रहे।



# प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर स्वास्थ्य मेले का हुआ आयोजन

**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत भाजपाइयों ने चिकित्सकों के साथ के काटकर मनाई खुशियां**

अमन लेखनी समाचार




अमौली, फतेहपुर। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस संपूर्ण देश समेत फतेहपुर जनपद के विभिन्न स्थानों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जनपद के अमौली विकासखंड अंतर्गत स्थापित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवा पखवाड़े का शुभारंभ भव्य स्वास्थ्य मेले के साथ किया गया कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व जिला मंत्री साहब सिंह गौतम अमौली मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता एवं डॉ राम भक्त वर्मा समेत जिला कार्यक्रम प्रबंधक लाल चंद्र राजपूत ने फीता काटकर भव्य मेले का शुभारंभ किया स्वास्थ्य मेले के अंतर्गत लगभग आधा सैकड़ा लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए वही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर केक काटकर सभी लोगों ने देश के प्रधानमंत्री को हार्दिक शुभकामनाएं दी इस मौके पर चिकित्सा अधीक्षक के साथ डाक्टर रोहिणी डॉक्टर तृप्ति डॉक्टर अनिल शुक्ला डॉक्टर नवीन सिंह एच एल वर्मा अभय प्रताप सिंह डाक्टर आकांक्षा ओम प्रकाश जागेश्वर आशा संगिनी नीरज देवी सीमा वर्मा आशा कर्मी श्वेता तिवारी रमा पाण्डेय बिमलेश शशि लता अर्चना अग्निहोत्री प्रतिभा देवी के साथ-साथ ग्राम प्रधान चांदपुर सुशील तोमर अरुण तिवारी अल्पसंख्यक मोर्चा अमौली मंडल अध्यक्ष अशरफ खान प्रधान पति प्रकाश चंद्र उर्फ बंटू सोनकर समेत भारी संख्या में लाभार्थी तथा मरीज मौजूद रहे

खास समाचार

## रुपईडीहा कस्बे के हाईवे पर रोड धंसी, वाहनों का चलना मुश्किल, बड़ी घटना की अशंका

रुपईडीहा बहराइच। भारत नेपाल सीमा को जोड़ने वाला नेशनल हाईवे एनएच 927 पर अव्यवस्थाएं ही अव्यवस्थाएं हैं जैसा की रोड निर्माण के समय सड़क के दोनों पटरियों के किनारे विद्युत के नए खंभे गाड़ कर लाइटिंग की व्यवस्था करना इनके टेंडर में शामिल था।लेकिन सड़क का निर्माण तो कर दिया गया। लेकिन लाइटिंग की व्यवस्था नहीं की गई।सड़क बनाने वाली कंपनी के टेंडर में रखरखाव की भी जिम्मेदारी दी गई है।लेकिन यह मार्ग रुपईडीहा कस्बे के नो मैंस लैंड से लेकर कस्टम कार्यालय तक धंस कर गड्ढे ही गड्ढे बन चुके हैं।क्योंकि नेपाल जाने वाली ओवरलोडिंग गाड़ियों के खड़े होने के कारण यह मार्ग बिल्कुल धंस कर बैठ गई है।जिससे कारण कभी भी बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है।बताया जाता है कि इसी मार्ग पर लगभग 3 वर्ष पूर्व रुपईडीहा कस्टम ऑफिस के सामने पीपल पेड़ के नजदीक एक नेपाली युवक अपने पत्नी के साथ रुपईडीहा से नेपालगंज अपनी बाइक से जा रहा था जैसे ही ट्रक के बगल से निकलने का प्रयास किया वसे ही बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। और चालक ट्रक के पहिए के नीचे आकर अपना दम तोड़ दिया।उसके बावजूद भी नेशनल हाईवे एथॉरिटी द्वारा कस्टम से लेकर नो मैंस लैंड तक बायी तरफ सड़क का रिपेयर आज तक नहीं किया गया। जिसके कारण दोबारा कोई बड़ी दुर्घटना सड़क मार्ग पर हो सकती है।समय रहते इसको सुधार नहीं किया गया तो आने जाने वाले राहगीर बड़ी घटना का शिकार हो सकते हैं ।इस संबंध में रुपईडीहा के व्यापारी विपिन कुमार अग्रवाल का कहना है कि नेशनल हाईवे एनएच 927 पर सड़क के दोनों पटरी के किनारे नए विद्युत खंभे लगाने तथा उस पर लाइट लगाने की व्यवस्था नेशनल हाईवे की है, लेकिन विद्युत विभाग आज तक न तो नया खम्भा लगाया और न तो खम्भो पर लाईट लगाया । नेशनल हाईवे ने यह व्यवस्था नहीं किया।जिसके कारण सड़क के दोनों किनारे मार्ग पर रोड क्रॉस कर विद्युत तार द्वारा सप्लाई दी गई है।जो कभी भी वाहन क्रॉस करते समय टूट कर गिर सकते हैं।क्योंकि इसके नीचे जाली नहीं लगी है।इससे बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है।

## राज्यमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर किया सांसद खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

### बालिका वर्ग में रोली और बालक वर्ग में राम मूर्ति अव्वल रहे

अमेठी।सिंहपुर क्षेत्र के कुकहा रामपुर स्थित जागृति इंटर कॉलेज में सांसद खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया।प्रतियोगिता में 90 बालक बालिकाओं ने प्रतिभाग किया।बालिका वर्ग में रोली और बालक वर्ग में राममूर्ति सबसे तेज दौड़े। रविवार को शुरू हुई सांसद खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत जागृति इंटर कालेज परिसर के खेल मैदान में आयोजित खेल प्रतियोगिता में बालिका वर्ग की दो सौ मीटर दौड़ एवं बालक वर्ग की चार सौ मीटर दौड़ का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता में कुल 90 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया और इसमें 24बालिकाएं तथा 66 बालकों ने प्रतिभाग किया।प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में क्रमशः रोली, प्रिया,लक्ष्मी और बालक वर्ग में राम मूर्ति,सतीश,सचिन क्रमशः प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर रहे।ब्लाक प्रमुख अंकित पासी ने भाजपा नेताओं के साथ बिजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और मेडल वितरित किए।इस मौके पर कुंवर मृगांकेश्वर शरण सिंह, सिंहपुर ब्लॉक प्रमुख अंकित पासी , ऐश्वर्य यादव परियोजना निदेशक , धर्मेश मिश्र , सज्जन पांडे , सर्वेश कुमार सहायक विकास अधिकारी , तनुज पाल थानाध्यक्ष शिवरतनगंज के साथ ही बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



## चोरी के समान सहित दो गिरफ्तार



मुसाफिरखाना ,अमेठी।स्थानीय कोतवाली पुलिस तीन ने संदिग्धों की तलाशी अभियान के दौरान चोरी के समान सहित दो व्यक्तियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की ।पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की । एसपी डा इला मारन जी व सीओ गौरव सिंह के दिशा निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह व स्थानीय कोतवाली पुलिस की टीमें लगातार क्षेत्र में छापेमारी व चेकिंग अभियान चला रही है ।इसी क्रम में रविवार की सुबह कोतवाली पुलिस के उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह चौहान एसआई राजेश दीक्षित के नेतृत्व में पुलिस टीम ने करपिया गांव के पास से चेकिंग के दौरान बाइक सवार दो युवकों को हिरासत में लेकर उनकी तलाशी के दौरान उनके कब्जे से बोरे में एक अदद फरार्टा पंखा पानी की मोटर व एक सिलाई मशीन बरामद किया ।हिरासत में लिए गए राज कुमार पुत्र सुदामा प्रसाद व प्रदीप कुमार पुत्र ओम प्रकाश सरोज निवासीगण ग्राम करपिया कोतवाली मुसाफिरखाना अमेठी ने करीब 15 दिन पहले नाथूपुर गांव में बंद पड़े घर से चोरी की थी ।प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि अपराधियों को किसी भी कीमत पर बक्शा नहीं जायेगा ।इसके लिए पुलिस की टीमें अलग अलग क्षेत्रों में लगातार सक्रिय हैं ।

# वी स्टार प्लस कंपनी के कार्यक्रम में सम्मानित हुए जनपद के लीडर

### मुख्य अतिथि डायरेक्टर राजकुमार सिंह चौहान एवं टीम लीडर आलोक पाठक ने कार्यक्रम का किया शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार / शोभित शुक्ला

फतेहपुर , जनपद में वी स्टार प्लस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के तत्वावधान में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे अमन लेखनी हिंदी दैनिक समाचार पत्र के प्रधान संपादक तथा वी स्टार प्लस कंपनी के डायरेक्टर राजकुमार सिंह चौहान समेत रॉयल चैंपियन टीम के लीडर आलोक पाठक का कार्यक्रम में आयोजकों द्वारा भव्य स्वागत किया गया शहर के लोधी गंज क्षेत्र में संचालित एक गेस्ट हाउस में संपन्न हुए विशाल कार्यक्रम अंतर्गत आयोजक समिति ने वी स्टार प्लस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर राजकुमार सिंह चौहान को अंग वस्त्र माल्यार्पण करते हुए सेहरा लगाकर सम्मानित किया वही रॉयल चैंपियन टीम के लीडर आलोक पाठक द्वारा पुष्प गुच्छ देकर कंपनी के डायरेक्टर मुख्य अतिथि राजकुमार सिंह चौहान को सम्मानित किया गया कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य संबंधी अनेक प्रकार की चर्चाएं की गई वहीं जनपद में प्रथम द्वितीय रैंक पाने वाले कर्म योगियो को वी स्टार प्लस कंपनी के द्वारा सम्मानित किया गया इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजक रामजी हिंदुस्तानी जवाहरलाल प्रीती शैलेन्द्र कुमार लोकेन्द्र सौरभ अभिषेक मयंक सचिन प्रभावती धर्मेन्द्र समेत भारी संख्या में जनता जनार्दन मौजूद रही



## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सांसद खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ



अमन लेखनी समाचार

मुसाफिरखाना, अमेठी ।रविवार को क्षेत्र के पलिया गांव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सांसद खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि विजय गुप्ता व भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय राय ने खेल का शुभारंभ हरी झंडी दिखा कर किया।कार्यक्रम में प्रतिभाग किये सभी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र व मेडल प्रदान किया गया ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से इस अवसर पूर्व जिला अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी, पूर्व विधायक दादा तेजभान सिंह, मंडल अध्यक्ष महेंद्र कुमार मिश्र, नगर पंचायत अध्यक्ष बृजेश गुप्ता, जिला मंत्री प्रभात शुक्ल, आईटी जिला संयोजक संजीव तिवारी,भाजयुमो जिला महामंत्री जीत बहादुर सिंह , किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र प्रताप सिंह, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अखिलेश पांडेय ,पूर्व मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश पांडेय,नकुल टंडन, हरिशंकर दुबे, श्रीराम कौशल, महामंत्री रामगोपाल कौशल, जयविंद सिंह, लवकुश चौरसिया ,अनिल मिश्र अमित यादव,करन यादव, राजेश सिंह, राजेश दुबे, रघुवंश मिश्र, मुकेश, श्याम लाल यादव शिवम् मौर्य, पवन यादव सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता ग्रामीण और विभिन्न खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## रालोद राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे का धूमधाम से मना जन्मदिन



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । राष्ट्रीय लोकदल व्यापार प्रकोष्ठ के तत्वाधान में आज राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे का जन्मदिन सादगी के साथ प्रदेश कार्यालय में मनाया गया जिसमें पार्टी के सैकड़ो पदाधिकारी व कार्यकताओं ने सम्मिलित होकर श्री दुबे को बधाई व शुभकामनाएं दी इस अवसर पर सभी लोगों ने सम्मिलित होकर श्री दुबे के साथ जन्मदिन का केक काटा।इस अवसर पर उपस्थित पार्टी जनों को संबोधित करते हुए श्री दुबे ने कहा कि आज जरूरत है इस देश और प्रदेश से भारतीय जनता पार्टी को परास्त करने की और इसके लिए जिसके लिए राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी लगातार संघर्ष कर रहे हैं उनकी आवाज को जन-जन तक पहुंचाने का काम हम सभी को करना है और मेरे लिए जन्मदिन की सच्ची बधाई उसे दिन होगी जिस दिन आप सारे लोग इस देश और प्रदेश से अहंकारी और तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंकेंगे।कार्यक्रम के आयोजक व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने कहा कि आप सब लोग राष्ट्रीय लोकदल के हाथों को मजबूत करें ताकि इंडिया गठबंधन सरकार को बदलने में कामयाब हो। श्री दुबे को बधाई देने वालों का ताता लगा रहा मुख्य रूप सेरजनीकांत मिश्रा, आदित्य विक्रम, मनोज सिंह चौहान, अंबुज पटेल, महानगर अध्यक्ष आशीष तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष छात्र अमन पांडे, चंद्रकांत अवस्थी, रामवती तिवारी सहित सैकड़ो पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

## शिक्षक राष्ट्र के निर्माताः डॉक्टर संदीप सरावगी

### प्राइवेट स्कूल (जूनि०) वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में शिक्षकों को किया गया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार

झांसी।आतियां तालाब मेंहदी बाग स्थित शुभ विवाह मंडपम में झाँसी प्राइवेट स्कूल (जूनियर वेलफेयर एसोसिएशन झाँसी के तत्वावधान में बुन्देलखण्ड शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रह्म नारायण श्रीवास्तव खण्ड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र व विशिष्ट अतिथि नर सेवा नारायण के लिए निःस्वार्थ भाव से समर्पित रहने वाले झाँसी के प्रतिष्ठित समाजसेवी संघर्ष सेवा समिति अध्यक्ष डॉ० संदीप सरावगी का कार्यक्रम आयोजक ने पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। स्वागत पश्चात डॉक्ट संदीप सरावगी एवं अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती एवं देश के राष्ट्रपति व उपराष्ट्रपति डॉक्ट सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।कार्यक्रम में झाँसी जिले के 110 से अधिक स्कूलों के प्रबन्धक, प्रधानाचार्य एवं सैकड़ों शिक्षकों ने उपस्थिति दर्ज की। बुन्देलखण्ड शिक्षक सम्मान समारोह में डॉक्ट संदीप ने शिक्षको को शिक्षा विभूति, बुन्देलखण्ड शिक्षक पुरस्कार, समाज विभूति, सोल ऑफ एजूकेशन अवार्ड एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया।इस अवसर पर डॉक्ट संदीप ने संस्कृत के श्लोक गुरू ब्रह्मा गुरू विष्णु, गुरु देवो महेश्वरा गुरु साक्षात परब्रह्म, तस्मै श्री गुरुवे नमः से अपने उद्बोधन की शुरूआत करते हुए कहा कि शिक्षा का प्रमुख आधार शिक्षक ही होता है।



शिक्षक न केवल विद्यार्थी के व्यक्तित्व का निमार्ता, बल्कि राष्ट्र का निमार्ता भी होता है।किसी राष्ट्र का मूर्तरूप उसके नागरिकों में ही निहित होता है।किसी राष्ट्र के विकास में उसके भावी नागरिकों को गढ़ने वाले शिक्षकों की भूमिका अत्यन्त महत्त्वपूर्ण होती है।अनादिकाल से शिक्षक की महत्ता का गुणगान उसके द्वारा प्रदत्त ज्ञान के कारण ही होता आया है।ऐसे ज्ञानी गुरुओं के बल पर ही हमारे राष्ट्र को जगद्गुरु बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। आज भी शिक्षक उसी निष्ठा से विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण करके देश के भविष्य को सँवार रहे हैं।शिक्षक की भूमिका केवल छात्रों को पढ़ाने तक ही सीमित नहीं है। छात्रों को पढ़ाई के अलावा उन्हें सामाजिक जीवन से सम्बन्धित दायित्वों का बोध कराना तथा उन्हें समाज के निर्माण के योग्य बनाना भी शिक्षक का ही दायित्व है। इस अवसर पर संरक्षक एड०हरी मोहन गुप्ता, उपाध्यक्ष निशांत वर्मा, एड० मिर्जा मुर्तजा बेग, दिनेश कुमार गौरव अग्रवाल, मुकेश साहू, अनिरूद्ध शर्मा, उमेश चन्द्रा, अशोक झारखड़िया, ज्योत्सना सिंह, श्रीमती ज्योति पाटकर, फातिमा, एवं संघर्ष सेवा समिति से जिलाध्यक्ष अजय राय, बसंत गुप्ता, राजू सेन, राकेश अहिरवार, सुशांत गेंडा, संदीप नामदेव, महेंद्र रैकवार, नीरज सिओहतिये (सभासद, कैंट), राजीव सिंह, त्रिलोक कटारिया, भूपेंद्र यादव, लाल सिंह, अनुज प्रताप सिंह, शैलेंद्र राय, रामजीत परिहार, अमन परिहार सहित सैकड़ों शिक्षक व अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिलेश ब्रह्मचारी के द्वारा की गई ! अंत में आभार अध्यक्ष डॉ० मु०हसन अन्सारी ने व्यक्त किया।

# संजय गांधी अस्पताल में इलाज के दौरान महिला की मौत, सीईओ सहित चार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

अमन लेखनी समाचार

अमेठी।जिले के मुंशीगंज थाना क्षेत्र में इलाज में कथित लापरवाही के चलते एक महिला की मौत के आरोप में संजय गांधी अस्पताल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सहित चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि रविवार तड़के प्राथमिकी दर्ज होने के बाद मृतका के परिजनों और ग्रामीणों ने शनिवार शाम से अस्पताल के मुख्य द्वार पर जारी अपना धरना समाप्त कर दिया।मुंशीगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) अखंड देव मिश्रा के मुताबिक, परिजनों की तहरीर पर संजय गांधी अस्पताल के सीईओ अवधेश शर्मा, जनरल सर्जन डॉ. मोहम्मद रजा, एनेस्थीशिया विशेषज्ञ डॉ. सिद्दीकी और फिजिशियन डॉ. शुभम द्विवेदी के खिलाफ इलाज में लापरवाही से संबंधित धारा 304ए के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

मिश्रा के अनुसार, शनिवार शाम अमेठी में 22 वर्षीय महिला का शव अस्पताल के सामने रखकर उसके परिजनों ने धरना दिया था।परिजनों का आरोप था कि डॉक्टरों की कथित लापरवाही की वजह से युवती की मौत हुई।मिश्रा ने बताया कि प्रशासनिक हस्तक्षेप और प्राथमिकी दर्ज होने के



बाद परिजनों का धरना रविवार तड़के चार बजे समाप्त हुआ। ग्रामीणों के मुताबिक, मुंशीगंज कोतवाली थाना क्षेत्र के रामशाहपुर गांव की रहने वाली दिव्या को पेट दर्द की शिकायत थी, जिसके चलते वह इलाज के लिए संजय गांधी अस्पताल पहुंची।ग्रामीणों ने बताया कि अस्पताल में डॉक्टरों ने दिव्या की पित्त की थैली में पथरी होने की बात कही और 14 सितंबर को उसे एनेस्थीशिया देकर ऑपरेशन थियेटर ले गए।ग्रामीणों के अनुसार, ऑपरेशन से पहले ही दिव्या कोमा में चली गई और जब वह 30 घंटे तक होश में नहीं आई, तब उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया।दिव्या के पति अनुज शुक्ला ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि पीड़िता को अस्पताल में दिल का दौरा भी पड़ा था। शुक्ला का दावा है जब उसने अपनी पत्नी को ऑपरेशन के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था, तब वह पूरी तरह से ठीक थी और सभी जांच रिपोर्ट भी सामान्य आई थीं।शुक्ला ने कहा कि उसकी पत्नी को अधिक मात्रा में एनेस्थीशिया दिया गया, जिससे उसकी हालत बिगड़ी और अंततः मौत हो गई। उसने बताया कि दिव्या ने रविवार तड़के चार बजे अंतिम सांस ली, जिसके बाद परिजनों ने अस्पताल के डॉक्टरों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस के मुताबिक, धरना शनिवार रात करीब आठ बजे शुरू हुआ था और प्रदर्शनकारी अस्पताल के खिलाफ कार्रवाई और मृतका के परिजनों को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता देने की मांग कर रहे थे।संजय गांधी अस्पताल का संचालन संजय गांधी मेमोरियल ट्रस्ट, नयी दिल्ली द्वारा किया जाता है। सोनिया गांधी इस ट्रस्ट की अध्यक्ष हैं, जबकि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी इसके सदस्य हैं। अमेठी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) इलामारन जी ने बताया कि इस मामले में जिलाधिकारी के आदेश पर जांच टीम गठित कर दी गई है और रिपोर्ट आने के बाद उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## अखिल भारतीय किसान संघ में प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ संगठन मंत्री ओम प्रकाश शर्मा को अखिल भारतीय किसान संघ में प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है।संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सिंह चौहान की मौजूदगी में हुए मनोनयन के बाद ओमप्रकाश शर्मा ने रविवार को सरोजनीनगर में एक बैठक की।इस बैठक में उन्होंने कहा कि किसान ही व्यापारी और व्यापारी ही किसान है। उन्होंने कहा कि दोनों के साथ आने से किसान भाइयों और व्यापारियों की ताकत दोगुना बढ़ जाएगी।ऐसे में कोई भी शासन प्रशासन स्तर पर कार्य करने में बल मिलेगा। इस दौरान अखिल भारतीय किसान संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. डीएस चौहान सहित तमाम किसान नेताओं ने ओमप्रकाश शर्मा को बधाई




दी। सरोजनीनगर स्थित उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के जिला कार्यालय पर आयोजित इस बैठक में संगठन के वरिष्ठ जिला महामंत्री विनोद सिंह के नेतृत्व में गौरी बाजार और सरोजनीनगर आदर्श व्यापार मंडल के अध्यक्ष व पदाधिकारियों ने ओम प्रकाश शर्मा को फूल मालाओं से स्वागत करने के साथ ही लड्डू खिलाकर उन्हें बधाई दी।इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के वरिष्ठ जिला महामंत्री विनोद सिंह के अलावा जिला उपाध्यक्ष डॉ. एके सिंह, सरोजनीनगर अध्यक्ष प्रमोद हजेला, नगर संगठन मंत्री अंबुज शर्मा, रवि श्रीवास्तव, संतोष पांडेय, विशाल यादव, जितेंद्र हजेला, अवधेश यादव, अमित जायसवाल, धीरु सोनी, दुर्गेश गुप्ता, शैलेंद्र लोधी, पवन पांडेय और हंसराज पांडेय सहित कई व्यापारी पदाधिकारी मौजूद रहे।

## शरीर के कई हिस्सों पर मिले है पुलिस को चोट के निशान

### शनिवार को पति ने पीट पीट कर पत्नी को उतारा था मौत के घाट

तिलोई, अमेठी। थानाक्षेत्र इन्हौना के चौधराना मोहल्ला में एक पति ने बेरहमी से पीट पीट कर पत्नी की हत्या कर दी। पुलिस ने जांच पड़ताल कर मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।पुलिस को मृतका के शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटों के निशान भी मिले है। चोट वाले स्थान पर उसकी शरीर काली पड़ी हुई थी। इन्हौना के मोहल्ला चौधराना निवासी मेराज की 13 वर्ष पहले रायबरेली जिले शिवगढ़ थानक्षेत्र के नेरथुवा गांव के पूरे कछवाह की रहने वाले यूसुफ की बेटी नसरीन के साथ शादी हुई थी। वर्षों पहले ससुर बफाती की मौत के बाद नसरीन अपनी सास और बच्चों के साथ घर पर रहती थी। शनिवार को मामूली वाद विवाद होने पर पति मेराज ने पत्नी नसरीन की पिटाई शुरू कर दी।जिसमें उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे उप निरीक्षक सीताराम यादव ने जांच पड़ताल कर




सभी पहलुओं पर तथ्यों को जुटाया है। बताया जा रहा है कि पति-पत्नी के बीच लंबे समय से घरेलू विवाद चल रहा था जिसके कारण आए दिन मेराज उसकी पिटाई किया करता था। पड़ोसियों के हस्तक्षेप पर वह गाली गलौज पर उतारू हो जाता था।

### भाई ने पति और सास पर दर्ज कराया मुकदमा :

पुलिस की सूचना पर पहुंचे मृतका के मायके पक्ष के लोगों ने हत्या का आरोप लगाते हुए आरोपितों पर कार्यवाही की मांग किया। भाई सगीर की तहरीर पर आरोपी पति मेराज व उसकी मां कमसूल निशा पर हत्या के आरोप में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था।

### रो रोकर परेशान हैं मासूम बच्चे :

घटना से चार मासूम एजाज 13वर्ष, अरबिया 10वर्ष, अररिया 7वर्ष, अल्पिया 5वर्ष के सिर से माता-पिता दोनों का साया छिन गया।।मां की हत्या के आरोप में पिता और दादी पुलिस की गिरफ्त में है।घटना के बाद सभी दहाड़ मारकर रोते बिलखते रहे।ऐसे में बच्चों का पालन पोषण कैसे होगा यह एक चुनौती है।घटना के बाद पूरा मोहल्ला सहमा नजर आया।

### आर्थिक स्थित भी दयनीय, टीनसेड में गुजर बसर करती थी मृतका

पति मेराज, सास, और चार बच्चों के साथ मृतका नसरीन टीनसेड से बने घर में जैसे तैसे इन बारिश के दिनों में प्लास्टिक की पन्नी के सहारे गुजर बसर करती थी। घर की माली हालत भी बेहद खराब है। एकमात्र कमाऊ शख्स आरोपित प्लास्टिक बर्तनों की फेरी कर दिन भर कमाने के बाद परिवार की जीवका चलता था। घटना के तुरंत बाद पुलिस ने मृतका के पति और सास को हिरासत में ले लिया था। थानाध्यक्ष कंचन सिंह ने बताया कि मामले में दोनों आरोपियों से पूछताछ कर हत्या की वजह की जानकारी जुटाई जा रही है। आखिर दोनों के बीच ऐसा क्या हुआ था कि नौबत इस हद तक आ गई थीं।

### हत्यारोपी को पुलिस ने भेजा जेल–

पिटाई से पत्नी की हुई मौत मामले में पुलिस ने पूछताछ के बाद हत्यारोपी पति मेराज व उसकी मां कमसूल निशा को पिटाई में प्रयुक्त किए गए डंडे के साथ रविवार को जेल भेजा है।


**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# 12 मन लकड़ियां रखी हैं उसी से मुझे जलाना : नाना

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर नाना पाटेकर इन दिनों 'द वैक्सीन वॉर' की वजह से चर्चा में हैं। वह इसके ट्रेलर लॉन्च इवेंट से ही एक-से-एक हैरान करने वाले बयान दे रहे हैं, जिससे चारों तरफ सनसनी फैली हुई है। नाना पाटेकर ने एक इंटरव्यू में कहा कि मुझे मृत्यु पर भरोसा है। मुझे 12 मन लकड़ी लगने वाली है। यही मेरी आखिरी संपत्ति है। इसके साथ ही मैं चला जाऊंगा। मैंने अपनी 12 मन लकड़ियां रखी भी हुई हैं। वो सूखी हैं। उसी में मुझे जलाना। गीली लकड़ी का इस्तेमाल मत करना। नहीं तो धुंआ उठेगा। नाना पाटेकर ने कहा कि धुंआ से लोगों की आंखों में पानी आएगा तो इससे गलतफहमी हो जाएगी कि वो मेरे लिए रो रहे हैं।

## लाइफ Style



# परिणीति

## शादी से पहले आर कैप में हुईं स्पाट

एजेंसी ▶▶ मुंबई

परिणीति चोपड़ा इन दिनों अपनी शादी को लेकर लगातार खबरों में हैं। कुछ ही दिनों में एक्ट्रेस राघव चड्ढा के साथ शादी करने वाली हैं, जिसका इंतजार उनके फैंस को बेसब्री से है। इस बीच शादी से पहले परिणीति का एक लेटेस्ट लुक सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे देखकर लोग हैरान हैं।

परिणीति चोपड़ा को रविवार को मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया, जिसका एक वीडियो और कुछ फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। खबरों के अनुसार, अदाकारा अपनी शादी के लिए रवाना हुई हैं। खैर, इन सब बातों से होकर अगर उनके लुक पर चर्चा की जाए तो वह लोगों को काफी ग्रेसफुल लगा। सामने आए वीडियो में देखा जा सकता है कि एक्ट्रेस ने डेनिम जींस, व्हाइट टैंक टॉप के साथ ब्लू शर्ट वियर कर रखी है। अपने लुक को पूरा करने के लिए उन्होंने न्यूड मेकअप किया है, लेकिन जिस चीज ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा, वह है उनकी कैप। एयरपोर्ट पर उन्हें आर नाम की कैप पहने हुए देखा गया, जिसे लोग उनके होने वाले हबी राघव चड्ढा से जोड़कर देख रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा का मिलन 24 सितंबर को डिवाइन प्रॉमिस- ए पर्ल व्हाइट इंडियन वेडिंग थीम पर होने वाला है। भव्य शादी से पहले यानी 23 सितंबर को कपल शादी से पहले की रस्मों में हिस्सा लेगा, जो राजस्थान के उदयपुर में पूरा किया जाएगा। वर्क फ्रंट की बात करें तो, परिणीति जल्द ही मिशन रानीगंजः द ग्रेट भारत रेस्क्यू की रिलीज को तैयार हैं, जिसमें उनके साथ अक्षय कुमार भी लीड रोल में होंगे। यह फिल्म 6 अक्टूबर को बड़े पर्दे पर रिलीज होने वाली है।

## हॉलीवुड मसाला



# कर्टनी ने फ्लॉन्ट किया बेबी बंप

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्ट्रेस कर्टनी कार्दशियन इन दिनों अपने प्रेग्नेंसी फेज को एंजॉय कर रही हैं। वह जल्द ही पति ट्रैविस बार्कर के बच्चे को जन्म देंगी। ऐसे में वह अपने प्रेग्नेंसी डेज को खास बनाते हुए बिता रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने ब्लू शॉर्ट्स में फोटोशूट करवाया, जिसकी तस्वीरें उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं। उनकी ये तस्वीरें इंटरनेट पर आते ही वायरल हो गई हैं। लुक की बात करें तो इन तस्वीरों में 44 साल की कर्टनी ब्लू कलर के टू पीस में नजर आ रही हैं।



# एमा के ड्रेसिंग रूम में घुसा स्टॉकर...

**लॉस एजिल्स।** हॉलीवुड स्टार एमा वॉटसन के पीछे पागल एक शख्स को हाल ही पुलिस ने अरेस्ट कर लिया। यह चुपके से ड्रेसिंग रूम में घुसा और चीखने लगा कि उसे एमा से शादी करनी है। साथ ही तस्वीर खिंचवानी है। एमा के अलावा यह शख्स कई सेलेब्स का पीछा करता रहा है। आखिरकार वह शख्स पुलिस की गिरफ्त में आ ही गया, जो पिछले काफी समय से हॉलीवुड सिलेब्रिटीज को स्टॉक कर रहा था। कुछ हफ्ते पहले इसने एक्ट्रेस ड्रयू बैरीमोर का पीछा किया था, और अब एमा वॉटसन के पीछे पड़ा था। हद तो तब हो गई, जब यह स्टॉकर एमा वॉटसन को ढूंढता-ढूंढता न्यूयॉर्क सिटी फैशन शो में ड्रेसिंग रूम में घुस गया।



# प्राजक्ता ने की नए पड़ाव में एंट्री...

**मुंबई।** एक्ट्रेस प्राजक्ता कोली ने जिंदगी के नए पड़ाव में एंट्री की है। उन्होंने लॉन्ग टर्म बॉयफ्रेंड से शादी कर ली है। इस गुडन्यूज को प्राजक्ता कोली ने अपने खास फनी अंदाज में सुनाया। दरअसल उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, वृशांक अब मेरे एक्स बॉयफ्रेंड हो गए हैं। लेकिन हमारा ब्रेकअप नहीं हुआ। क्योंकि हम तो मंगेतर हो गए। सोशल मीडिया पर डायमंड की रिंग फ्लॉन्ट करते हुए 30 साल की एक्ट्रेस ने इस गुडन्यूज को शेयर की। तस्वीरें शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कहा, अब से वृशांक मेरे एक्स बॉयफ्रेंड हो गए हैं।प्राजक्ता कोली की सगाई पर अनिल कपूर, वरुण धवन, भारती सिंह, सुनील शेट्टी, भूमि पेडनेकर से लेकर कई स्टार्स ने रिएक्ट किया। प्राजक्ता कोली ने वरुण धवन और अनिल कपूर के साथ करण जौहर की फिल्म 'जुग जुग जियो' में काम किया था।



# अली ने किया इंटीमेट सीन से इंकार...

**मुंबई।** एक्टर अली फजल इस वक्त विशाल भारद्वाज की फिल्म 'खुफिया' को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही उन्होंने एक इंटरव्यू में उस घटना का जिक्र किया, जब उन्होंने एक फिल्म में इंटीमेट सीन करने से इंकार किया, तो सब लोगों ने उनसे दूरी बना ली थी। अली फजल के मुताबिक, वह इंटीमेट सीन स्क्रिप्ट का हिस्सा नहीं था। अली फजल ने बताया कि एक्ट्रेस तो उस इंटीमेट सीन को करने के लिए तैयार थी, चूंकि उसे इस उस सीन के बारे में थोड़ा-बहुत बताया गया था। लेकिन उस सीन को अली फजल के साथ डिस्कस नहीं किया गया था। अली फजल ने बताया कि जब वह सेट पर आए, तो देखा कि हर किसी को उस इंटीमेट सीन की जानकारी थी। सब शूट के लिए एकदम तैयार थे। पर अली फजल को इस बारे में कुछ पता नहीं था।

## टीवी मसाला


# मानसी ने नन्हीं परी को दिया जन्म, दूसरी बार बनीं मां

**मुबई।** टीवी का चर्चित शो महाभारत में अंबालिका का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस मानसी शर्मा ने बेटी को जन्म दिया है। वह दूसरी बार मां बनी हैं। उनके घर में किलकारियां गूंज उठी है। इस खुशी के मौके पर हर कोई उन्हें बधाई दे रहा है। इसी साल उन्होंने बेबी बंप फ्लॉन्ट करते हुए फैंस को गुड न्यूज सुनाई थी और अब उनके घर नन्हा मेहमान आ गया है, जिसके बाद वह और उनके पति खुशी से सातवें आसमान पर हैं। मानसी शर्मा ने कई फिल्मों में काम किया है। साथ ही वह कई टीवी सीरियल्स में भी सपोर्टिंग



रोल्स में दिखी हैं। इसमें 'मनमोहिनी', 'मरियम खान- रिपोर्टिंग लाइव', 'पटियाला बेब्स', 'छोटी सरदारनी', 'चंद्रनंदिनी' जैसे सीरियल्स शामिल हैं। सभी में इनका दमदार किरदार दर्शकों को बेहद पसंद आया। लेकिन साल 2022 के बाद ये पर्दे से गायब हो गईं। इन्हें पर्दे पर नहीं देखा गया। मानसी शर्मा ने 2019 में हंसराज हंस के बेटे और पंजाब के फेमस सिंगर और एक्टर युवराज हंस से शादी कर ली थी। शादी के बाद उन्हें 2020 में एक बेटा हुआ था। वहीं, अब दो साल बाद उन्होंने बेटी को जन्म दिया है। ऐसे में उनकी फैमिली पूरी कम्प्लीट हो गई।

## पूनम के घर में लगी आग, बाल बाल बचा एक्ट्रेस का सीजर



**मुंबई।** एक्ट्रेस कंगना रनौत के मोस्ट कॉन्ट्रोवर्शियल रियलिटी शो 'लॉक अप' में नजर आ चुकीं एक्ट्रेस पूनम पांडे के घर आग लग गई। खबरों के अनुसार जिस समय यह घटना घटी उस समय पूनम पांडे का डॉग सीजर घर पर ही था। ये उनका पेट डॉग है, जो घटना में बाल-बाल बचा है। फोटोग्राफर विरल भयानी ने पूनम के घर पर घटी इस घटना का वीडियो अपने हैंडल पर शेयर किया है। आप इस वीडियो क्लिप में देख सकते हैं कि एक्ट्रेस का घर पूरी तरह से फैला हुआ है।



# सायंतिका हुईं छेड़छाड़ की शिकार

**मुंबई।** एक्ट्रेस सायंतिका बनर्जी फिल्म 'चायबाज' के लिए बांग्लादेश में शूट कर रही थीं। इस दौरान उनके साथ कुछ ऐसा हुआ कि एक्ट्रेस सहम गई हैं। सायंतिका अचानक कोलकाता लौट आईं, जिससे अचानक उनके चले आने के पीछे के कारणों के बारे में अफवाहें उड़ने लगीं। शुरू में तो सायंतिका ने घटना के बारे में चुप्पी साधे रखी और कोलकाता लौटने पर कोई भी बात करने से परहेज किया। लेकिन अब पता चला है कि उनके साथ सेट पर छेड़खानी हुई है।

# भारत ने श्रीलंका को हराकर एशिया कप पर किया कब्जा

**भारत ने श्रीलंका को हराकर 8वां एशिया कप खिताब जीता, सिराज चमके**

अमन लेखनी समाचार



रविवार को खेले गए एशिया कप 2023 के फाइनल मुकाबले में टीम इंडिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 विकेट से श्रीलंका के खिलाफ जीत दर्ज की, 51 रनों का मामूली स्कोर का पीछा करने उतरे ईशान किशन और शुभमन गिल ने भारत को 10 विकेट से ये खिताब दिला दिया है।भारत ने आठवीं बार यह खिताब अपने नाम किया है। इससे पहले टीम इंडिया ने 1984, 1988, 1990-91, 1995, 2010, 2016 और 2018 में खिताब अपने नाम किया था। भारत ने यह टूनामेंट सात बार वनडे और एक बार टी20 में जीता है।

श्रीलंका की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। किसी भी क्रिकेट फैन ने शायद ही सोचा होगा कि श्रीलंकाई टीम फाइनल मैच में इतना खराब प्रदर्शन करेगी। भारतीय गेंदबाजी के आगे श्रीलंकाई बैटिंग पूरी तरह से धराशायी हो गई। श्रीलंकाई टीम 15.2 ओवर में 50 रन पर सिमट गई। सिराज ने छह विकेट लिए, हार्दिक ने 3 विकेट लिए और बुमराह ने एक विकेट लिया। इसके जवाब में टीम इंडिया ने महज 37 गेंदों में मैच जीत लिया। टीम इंडिया ने 10 विकेट से यह मुकाबला अपने नाम किया। बता दें कि शुभमन गिल 19 गेंदों में 27 रन और ईशान किशन 18 गेंदों में 23 रन बनाकर नाबाद रहे।

### एशिया कप में 5 साल का सूखा खत्म

एशिया कप खिताब जीतने के साथ भारत ने मल्टीनेशन टूनार्मेंट का पांच साल सूखा भी खत्म कर दिया है। आखिरी बार भारत ने साल 2018 में एशिया कप के फाइनल में बांग्लादेश को हराया था। इसके बाद से भारत ने कोई भी मल्टीनेशन टूनार्मेंट नहीं जीता है। तब भी कप्तान रोहित शर्मा ही रहे थे और आज भी उनकी कप्तानी में टीम इंडिया ने एशिया कप चैंपियन बनी है।

### मोहम्मद सिराज ने जीता फैंस का दिल

सिराज ने अपनी शुरूआती 15 गेंदों में 5 विकेट लेकर एशिया कप फाइनल मैच के हीरो बन गए हैं। इसके साथ ही एक ओवर में 4 विकेट चटकाने का कारनामा करने वाले सिराज पहले भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। भारतीय टीम के इतिहास में अबतक ऐसा किसी ने नहीं किया है।

## अंदर से महल जैसा दिखता है बसेरा

# रेखा के बंगले को कहा जाता है रहस्यलोक

*मुंबई। बॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेस रेखा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर हमेशा चर्चा में रहती हैं। रेखा की खूबसूरती और उनका अंदाज आज की एक्ट्रेसस को टक्कर देता है। बेशक एक्ट्रेस ने फिल्मों से दूरी बना ली हो लेकिन फिर भी एक्ट्रेस अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर लाइमलाइट में बनी रहती हैं। रेखा की तरह उनके बसेरे को भी रहस्यलोक कहा जाता है। बालीवुड की मिस्ट्री क्वीन रेखा का घर भी उन्हीं की तरह मिस्ट्री होम है।*

### रेखा के बंगले का नाम बसेरा

मुंबई के बांद्रा में स्थित रेखा के बंग्ले का नाम बसेरा है। एक्ट्रेस का बंगला शाहरुख खान और सलमान खान के बंगले के बीच में है। जहां एक तरफ दोनों स्टार्स के घर आए दिन पार्टी होती रहती है और सेलेब्स का जमावड़ा लगा रहता है। वहीं रेखा के घर में न तो कोई आता है और न ही कोई पार्टी होती है। एक्ट्रेस खुद दूसरों के घर जाकर पार्टी करती दिखाई देती हैं। पता हो कि बसेरा की कीमत करोड़ों में है।

### प्राइवेसी पसंद करती हैं रेखा

रेखा के बारे में कहा जाता है कि वो प्राइवेट लाइफ जीना पसंद करती हैं। वो नहीं चाहती की कोई भी उनकी लाइफ में दखलअंदाजी करे। यही वजह है कि एक्ट्रेस के घर की दीवारें बहुत ऊंची-ऊंची हैं, कोई घर के बाहर खड़े होकर भी अंदर नहीं देख सकता।



### अकेले समय बिताना पसंद करती हैं एक्ट्रेस

बता दें कि रेखा अकेले रहना और समय बिताना पसंद करती हैं। एक्ट्रेस अपने बंगले के अंदर ही वॉक करती हैं, योगा करती हैं और मेडिटेशन करती हैं। उन्हें अपनी लाइफ में प्राइवेसी बहुत पसंद है। इसके अलावा एक्ट्रेस को बागबानी का भी शौक है। अक्सर रेखा अपने घर में पेड़ पौधे लगाते हुए वक्त बीताती हैं।

### दक्षिण क्लासिक स्टाइल में सजा है घर

रेखा का घर अंदर से देखेंगे तो आप पाएंगे की एक्ट्रेस का घर दक्षिण क्लासिक स्टाइल में सजा है। उनके घर का इंटिरियर काफी महंगा और स्टाइलिश है। घर की डेकोरेशन बेहद रॉयल है, साथ ही दीवारों पर प्रिंटेड पेंट कराया गया है। जो उनके घर को किसी महल जैसा लुक देता है।

# शहनाज ने कहा- प्यार में धोखे ने पहुंचाया एंक्टिग में



*मुंबई। एक्ट्रेस शहनाज गिल इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'थैंक यू फॉर कमिंग' के प्रमोशन में बिजी है। इसी बीच एक्ट्रेस का एक पुराना वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वो दिल टूटने और शादी को लेकर बात करती नजर आ रही हैं। वायरल हो रहे उनके इस वीडियो में भी उनका ये दर्द साफ नजर आ रहा है। शहनाज गिल का वायरल हो रहा वीडियो एक इंटरव्यू का है, जिसमें वो प्यार और रिश्तों के साथ अपने पर्सनल एक्सपीरियंस के बारे में बात करती दिखाई दे रही हैं। इस वीडियो में शहनाज के साथ एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी बैठे नजर आ रहे हैं। वीडियो में जब शहनाज से सवाल पूछा जाता है कि क्या दिल कभी टूटा है तो एक्ट्रेस ने कहा कि हां तोड़ा है सबने। तोड़कर गए है लोग अच्छी बात है गए हैं मगर नहीं तोड़ते तो यहां तक थोड़ी पहुंचती और शादी करके घर पर बैठी होती किसी के। नवाजुद्दीन सिद्दीकी को टीवी पर देख रही होती। शहनाज का ये वीडियो काफी वायरल हो रहा है और उनके फैंस इसे बहुत पसंद भी कर रहे हैं।*